रविवारीय
लखनऊ, रविवार
1 मार्च, 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष 13
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 191 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net



चैंपियन बनने में मदद करने से खुद चैंपियन बनने की जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत कहानी: तेंदुलकर

## अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला, ईरान ने इजरायल-दुबई पर मिसाइलें दागी, खाड़ी में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी अटैक

# धधकने लगा पश्चिम एशिया



**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल ने शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजराइल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और साउदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। अमेरिकी सेना पहले ही ईरान को चारों तरफ से घेर चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत इजराइल छोड़ने के लिए कहा था।

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है। ईरान का कहना है कि यह उसके बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की। ईरानी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि मिसाइल कार्यक्रम पर कोई बात नहीं होगी। यह ईरान की रक्षात्मक क्षमता है और इसे छोड़ना मतलब खुद को कमजोर करना होगा। ईरान कहता है कि बातचीत सिर्फ परमाणु कार्यक्रम तक सीमित रहेगी, मिसाइल या क्षेत्रीय समूहों पर नहीं।

**ऐतिहासिक सबक सिखाएंगे : ईरान**

ईरान की सेना ने इजरायल और अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि ईरानी शहरों पर हमलों के बाद उन्हें ऐतिहासिक सबक दिया जाएगा। सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेखारची ने कहा कि क्षेत्र में इजरयल की मदद करने वाला कोई भी सैन्य ठिकाना ईरान की सेना के निशाने पर होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्लामिक गणराज्य अपनी सैन्य कार्रवाई में किसी तरह की हिचक नहीं दिखाएगा।

**एयर इंडिया व इंडिगो ने जारी की एडवायजरी**

मुंबई। इंडिगो एयरलाइंस ने शनिवार को यात्रियों के लिए परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया। इसमें कहा गया कि वह क्षेत्र में बदले बदलते भू-राजनीतिक माहौल के बीच ईरान और उसे हवाई क्षेत्र से जुड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए है। इसके अलावा, एअर इंडिया ने भी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एक्स पर एक पोस्ट में इंडिगो ने कहा, हम ईरान और उसके हवाई क्षेत्र से जुड़े अपडेट पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। हमारे यात्रियों और चालक दल के सदस्यों (क्रू) की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्थिति बदलने पर हमारी टीमें किसी जरूरी बदलाव को लागू करने के लिए तैयार हैं।

## दक्षिणी ईरान में हमलों से तबाही, कम से कम 70 लोगों की मौत का दावा



दक्षिणी ईरान के होरमुजगान प्रांत में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत और 90 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। प्रांत के मेडिकल साइंसेज प्रमुख के हवाले से अर्ध-सरकारी फार्स समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार मिनाब और जास्क शहर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इससे पहले मिनाब में लड़कियों के एक प्राथमिक स्कूल पर हमले में 50 से अधिक लोगों की मौत की खबर सामने आई थी। हालांकि मृतकों और घायलों के आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है।

## हथियार डालें या मौत का सामना करें : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे कड़ा रुख अपनाते हुए उसे एक सीधी और सख्त चेतावनी दी है। अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए एक बड़े संयुक्त सैन्य हमले के बाद ट्रंप ने ईरान से साफ शब्दों में कहा है कि वह अपने हथियार डाल दे या फिर निश्चित मौत का सामना करे। यह बड़ी सैन्य कार्रवाई मुख्य रूप से ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने और मिसाइल विकसित करने से रोकने के लिए की गई है।

## ईरान पर हमले से पहले का घटनाक्रम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खास दोस्त- स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद- जैरेड कुशनर गुरुवार को ईरानी अधिकारियों से बातचीत के लिए जेनेवा में मिले थे। हालांकि, इस बातचीत का कोई ठोस परिणाम नहीं निकला, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत से खुश नहीं हैं। उन्होंने शुक्रवार सुबह कहा था कि ईरान पर सैन्य हमले को लेकर उन्होंने फैसला नहीं किया है। शनिवार सुबह अमेरिका ने ईरान के खिलाफ एक और कदम उठाते हुए उसे लोगों को अवैध तरह से हिरासत में रखने वाला देश करार दे दिया था। इसके बाद सामने आया कि मार्को रूबियो अगले हफ्ते इस्राइल का दौरा कर सकते हैं।

## ईरान ने रियाद और पूर्वी क्षेत्र को बनाया निशाना : सऊदी अरब

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब ने पुष्टि की है कि ईरान ने राजधानी रियाद और देश के पूर्वी क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। सऊदी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार वायु रक्षा प्रणाली ने सभी हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि इन हमलों को किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सऊदी अरब ने यह भी कहा कि उसने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उसकी जमीन या हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ किसी कार्रवाई के लिए नहीं होने दिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है।

## इजरायल में आपातकाल, ईरान में हवाई क्षेत्र बंद

नई दिल्ली। हमलों के बाद इजरायल ने सबसे पहले आपातकाल घोषित करते हुए अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) को पूरी तरह बंद कर दिया। यानी इजरायल में वाणिज्यिक उड़ानों पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इस्राइली सैन्य बलों की तरफ से कहा गया कि उसने जनता को मोबाइलों पर संदेश भेजकर इस बात के लिए सतर्क किया है। कि इजरायल की तरफ मिसाइल हमला हो सकता है। इसी तरह ईरान ने भी अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अयातुल्ला अली खामेनेई फिलहाल ईरान में नहीं हैं और उन्हें सुरक्षित ठिकाने में भेजा गया है। कतर के मीडिया पोर्टल अल-जजीरा के मुताबिक, कतर में स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए अलर्ट जारी किया है और उन्हें सुरक्षित ठिकाने पर जाने के लिए कहा है। दूसरी तरफ इराक ने भी हमले के मद्देनजर अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया।

## इजरायल का दावा- हमले में ईरान के रक्षा मंत्री और रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मारे गए

रॉयटर्स के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी सैन्य टकराव के बीच इस्राइल ने बड़ा दावा किया है। इस्राइली सैन्य अभियान से जुड़े दो सूत्रों और एक क्षेत्रीय स्रोत के अनुसार ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पकपौर इस्राइली हमलों में मारे गए हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि हालिया हमलों में ईरान के सैन्य नेतृत्व से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस दावे के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## ईरान और खाड़ी देशों पर भारत की पैनी नजर

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के ताजा हमलों के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी किया। इस बयान में कहा गया कि भारत, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान में कहा कि वह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करता है। मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने और मूल मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के मिशन भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं और उन्होंने उचित परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने, मिशनों के संपर्क में बने रहने और स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

### रमज़ान मुबारक

इफ्तार रविवार
सुन्नी : 6:09 P.M.
शिया : 6:21 P.M.

सहरी रविवार
सुन्नी : 5:07 P.M.
शिया : 5:00 P.M.





दक्षिण अफ्रीका vs जिम्बाब्वे
स्थान : दिल्ली, समय : 3 बजे

इंडिया vs वेस्टइंडीज
स्थान : कोलकाता, समय : 7 बजे

## ईरान-इजराइल जंग से भारत की 50% तेल सप्लाई पर संकट

- **सोना-चांदी महंगा हो सकता है, होर्मुज रूट बंद हुआ तो 10% एक्सपोर्ट भी खतरे में**

नई दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार और सोना-चांदी की कीमतों पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10% से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ेगा। ऐसे हालात में बाजार में बड़ी बिकवाली और गिरावट देखने को मिल सकती है। दूसरी तरफ, जब दुनिया में तनाव बढ़ता है तो निवेशक सुरक्षित विकल्प की ओर जाते हैं। ऐसे समय में लोग सोना और चांदी खरीदना पसंद करते हैं। इसलिए इनकी कीमतों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

ईरान और ओमान के बीच स्थित होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई जैसे देशों से मंगवाता है, जिसका बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से आता है।

## आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्टरी में धमाका 10 से अधिक हताहत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा यूनिट में धमाके के बाद 10 लोगों के हताहत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इससे पहले राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद सात लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पटाखा फैक्टरी में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्टरी में करीब 20 लोग काम कर रहे थे।

### पीएम मोदी ने अजमेर से की एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत

## कांग्रेस के कुकर्मों को माफ नहीं करेगा देश

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की। जनसभा में मोदी ने कहा-

- **ये अब आईएनसी नहीं, एमएमसी है यानि मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस**



कांग्रेस को कुकर्मों के लिए देश कभी माफ नहीं करेगा। पूरे देश में कांग्रेस लगातार हार रही है और गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। कभी कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी। अब आईएनसी नहीं बची है। आज वह एमएमसी बन गई है। एमएमसी यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस।

पीएम मोदी अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अभियान की शुरुआत में मनीषा रावत, भूमिका, पूर्वी अग्रवाल, चंचल, चिड़ियि मेघवंशी को वैक्सीनेशन लगाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लड़कियों से वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि टीका क्यों लगाया जाता है? प्रधानमंत्री ने छात्राओं से एग्जाम के बारे में बात की। पूर्वी अग्रवाल और चंचल ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री से बात करके बहुत अच्छा लगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर भी दिए। पीएम ने कहा, दुनिया के सामने कांग्रेस ने देश को बेइज्जत किया। हाल ही में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। इसमें कई देशों के पीएम-राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री आए। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के लीडर एक छत के नीचे इकट्ठे हुए। भारत की खुले मन से प्रशंसा की। हताशा, निराशा में डूबी कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत किया।

मोदी ने कहा- नदियों को जोड़ने का अभियान शुरू किया है। इसका अधिक फायदा राजस्थान को मिलना तय है। संशोधित पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना हो, यमुना राजस्थान लिंक प्रोजेक्ट हो, डबल इंजन सरकार ऐसी अनेक सिंचाई परियोजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बोत्स्वाना से कूनो पहुंचे नौ चीते

**श्योपुर।** चीता परियोजना के लिए दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना से 9 चीते सुरक्षित रूप से कूनो नेशनल पार्क पहुंच चुके हैं। लगभग 12 घंटे की हवाई यात्रा के बाद वे ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे, जहां से तीन हेलीकॉप्टरों के जरिए उन्हें कूनो लाया गया। नई खेप के साथ देश में चीतों की कुल संख्या 39 से बढ़कर 48 हो गई है।

## पुंछ के गांव में नौ जंग लगे मोर्टार शेल बरामद

**पुंछ।** सेना के अधिकारियों के अनुसार, ये मोर्टार शेल मानकोटे क्षेत्र में बिखरे हुए थे और उन्हें सेना की टुकड़ियों ने इलाके पर नियंत्रण रखते हुए खोजा। पूरे इलाके को तुरंत घेर लिया गया और बम डिस्पोजल दल मौके पर पहुंचा।

# आज से नए बदलावों के लिए हो जाइए तैयार

**नई दिल्ली।** हर बार की तरह इस महीने भी 1 मार्च 2026 से कई नियमों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। महीने की पहली तारीख अक्सर नीतिगत और प्रशासनिक परिवर्तनों के लिए अहम मानी जाती है, जिनका सीधा असर आम लोगों की दिनचर्या और जेब पर पड़ता है। यह है नियमों में होने वाले बदलावों का ब्योरा।

- **सिम से लेकर यूपीआई पेमेंट तक जेब पर होगा असर**

**सिम बाइंडिंग नियम लागू**

मोबाइल यूजर्स के लिए नया नियम लागू होगा जिसके तहत व्हाट्सएप और अन्य मैसेजिंग ऐप्स को उसी फोन के सक्रिय सिम से लिंक करना जरूरी होगा जिसमें एप चल रहा है। यानी जिस डिवाइस पर एप इस्तेमाल कर रहे हैं, उसमें संबंधित सिम का होना अनिवार्य होगा। साथ ही वेब या डेस्कटॉप लॉगिन के लिए छह घंटे का ऑटो लॉग-आउट नियम लागू किया जाएगा। यानी कि 6 घंटे के बाद अब से वेब या डेस्कटॉप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नंबरों और साइबर अपराधों पर रोक लगाना है।

**रेलवे का पुराना ऐप बंद**

1 मार्च से रेलवे अपना पुराना UTS एप बंद कर रहा है। इसके बाद यात्री इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए अब यात्रियों को नए Railone एप का उपयोग करना होगा। इससे यात्रियों को नई प्रणाली अपनानी होगी।





शुरुआत में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन रेलवे का कहना है कि नया सिस्टम अधिक तेज, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल होगा। इस नए एप में टिकट बुक करने पर काफी छूट भी मिलेगी।

**एलपीजी की कीमतों में हो सकता है बदलाव**

हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी होती हैं। होली के त्योहार को देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि इस बार कीमतों में राहत मिल सकती है, हालांकि अंतिम फैसला सरकार की घोषणा के बाद ही साफ होगा।

**न्यूनतम बैलेंस नियम में राहत**

बैंकिंग से जुड़ा एक संभावित राहत भरा बदलाव भी सामने आ सकता है। कुछ सरकारी बैंक मिनिमम बैलेंस की गणना के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। पहले किसी एक दिन बैलेंस कम होने पर पेनल्टी लग जाती थी, लेकिन अब एवरेज मंथली बैलेंस (एएमबी) के आधार पर शुल्क तय किया जा सकता है। यानी पूरे महीने का औसत बैलेंस महत्वपूर्ण होगा, जिससे ग्राहकों को पेनल्टी से बचने में आसानी हो सकती है।

**यूपीआई पेमेंट में बढ़ेगी सुरक्षा**

डिजिटल भुगतान को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए 1 मार्च से बड़े ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर सिर्फ यूपीआई पिन पर्याप्त नहीं होगा। बैंक उच्च राशि के लेनदेन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा जैसे बायोमेट्रिक या मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर सकते हैं। बड़े अमाउंट के ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त वेरिफिकेशन लागू किया जा सकता है।

**किराये को लेकर बदल सकते हैं नियम**

किराये के नियमों में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नए या रिन्यू होने वाले रेंट एग्रीमेंट के लिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया जा सकता है। साथ ही सिक्योरिटी डिपॉजिट को अधिकतम दो महीने के किराए तक सीमित करने और मकान मालिक के प्रवेश से पहले पूर्व सूचना जैसे प्रावधानों पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किरायेदार और मकान मालिक के बीच विवाद कम हों।

## यूपी के 826 विकास खंडों तक फैला आजीविका मिशन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की तस्वीर तेजी से बदल रही है। स्वयं सहायता समूहों की योजनाएं राज्य के हर कोने में पहुंच चुकी हैं। एक करोड़ छह लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के चल रही स्वयं सहायता समूहों की योजनाओं को प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों तक विस्तार मिला है। वर्ष 2013-14 से लेकर 2016-17 तक यह योजना केवल 104 विकास खंडों तक सीमित थी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है।

# प्राथमिकता पर करायें जाएंगे विकास कार्य : नेहा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** शनिवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में अध्यक्ष नेहा वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 105 करोड 23 लाख ग्यारह हजार आठ सौ बासठ रूपये का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। अध्यक्ष नेहा वर्मा कहा कि जो प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में आये हैं, जन अपेक्षा और सभासदों की मंशानुरूप महापुरूषों की प्रतिमा, पार्क का निर्माण चरणबद्ध ढंग से पूरा कराया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने वित्तीय वर्ष 2026-2027 का बजट सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। वित्तीय वर्ष में निजी श्रोतों से तथा शासकीय अनुदान के माध्यम से कुल आय एक सौ 5 करोड तेईस लाख ग्यारह हजार आठ सौ बासठ रूपया मात्र तथा व्यय एक सौ पाच करोड सत्रह लाख 77 हजार रूपया मात्र प्राविधानित है। जिसके अनुसार वित्तीय वर्ष 26- 27 के अन्त में 5 लाख चौतीस हजार आठ सौ बासठ रूपया मात्र बचत होना प्रस्तावित है।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए तैयार किया गया संतुलित बजट पालिका सदन के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया जिसे सदन के सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

सदन में विकास कार्यों सडक, नाली, क्रॉसिंग पत्थर आदि पर प्राप्त सभी वार्डों के प्रस्तावों को ध्वनिमत से स्वीकृत किया गया। सभासद जगदीप श्रीवास्तव के सुझाव पर कर संबंधी आपत्तियों का निराकरण किये जाने पर गम्भीरता से विचार किया गया, इस कम में अधिशासी अधिकारी द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि 20 वर्ष से अधिक पुराने भवन पर 40 प्रतिशत की छूट दिए जाने व आनलाइन/ चेक के माध्यम से जमा धनराशि की पोस्टिंग अपडेट कराये जाने की



जानकारी दी गयी। वार्डो की गलियों में लगे खराब पड़े पथ प्रकाश बिन्दुओं को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराये जाने तथा नया एलईडी सेट लगाए जाने, गडगोडिया वार्ड में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। पालिका की आय बढ़ाने के उद्देश्य सदन के समक्ष शास्त्री चौक की पार्किंग बनाये जाने पर विचार, नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा यूजर चार्ज प्रभार उपविधि की स्वीकृति प्रदान किया गया। सभासद मंजू श्रीवास्तव द्वारा विवेकानन्द कालोनी रौतापार में सरकारी तालाब का सौन्दर्यीकरण करवाते हुए बच्चों के खेलकूद के लिए पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव सदन द्वारा स्वीकृत किया गया पर चाही गयी जानकारी के कम में अधिशासी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया।

बैठक में सभासद अमरावती देवी, राजन ठाकुर, रोली, इन्द्रावती देवी, विद्यावती देवी, ममता, रवीन्द्र कुमार, मोहम्मद इदरीस, मुहम्मद अयूब, दिनेश गुप्ता, निर्मला देवी, मंजू श्रीवास्तव, पंकज चौधरी, बैजन्ती सिंह, कृष्ण कुमार पांडेय, सर्वेश यादव, जगदीप श्रीवास्तव, रूकईया खातून, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, परमेश्वर शुक्ला, रमेश कुमार के साथ ही कर निर्धारण अधिकारी डा उदयभान, प्रभारी लेखाकार गणेश सिंह, प्रकाश निरीक्षक अमित शुक्ला, जलकल अभियंता अर्चना, सफाई निरीक्षक अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण महासंगठन ने सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील में तैनात नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन ने कड़ी नाराजगी जताते हुए एसडीएम को पत्रक सौंपा। संगठन का आरोप है कि नायब तहसीलदार ने ब्राह्मण समाज के एक मुंशी को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। इस घटना को लेकर समाज में रोष व्याप्त है। महासंगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी सरकारी अधिकारी द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय है, बल्कि समाज में भेदभाव और वैमनस्य को बढ़ावा देने वाला कृत्य है। उन्होंने इसे एक वर्ग विशेष को नीचा दिखाने की मानसिकता करार दिया। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपे गए पत्रक में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। पहले तहसील स्तर पर धरना दिया जाएगा, इसके बाद अनशन किया जाएगा।

महासंगठन ने यह भी घोषणा की कि आवश्यकता पड़ने पर इस मुद्दे को जिला और प्रदेश स्तर तक उठाया जाएगा और व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि समाज में शांति और सौहार्द बना रहे। इस दौरान जितेन्द्र दत्त पाण्डेय, रणविजय द्विवेदी, मुकुल मिश्र, राजकुमार तिवारी, राजेश पांडेय, भक्ति पांडेय, रमाशंकर पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, सत्यप्रकाश, महंत सचितानन्द, अनिल मिश्र, धनवंत मिश्र, महेंद्र दुबे, राघवेन्द्र मिश्र, अमित दुबे, गोलू तिवारी, रिंकू मिश्र, सतेंद्र मिश्र, विनोद मिश्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# होली व ईद को लेकर प्रशासन सतर्क

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सोहगीबरवा।** आगामी त्योहारों होली एवं ईद के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से 28 फरवरी 2026 को थाना सोहगीबरवा परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सोहगीबरवा ने की।




गोष्ठी में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, वर्तमान एवं पूर्व ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों, डीजे संचालकों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की गई।

थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या असामाजिक गतिविधियों को गंभीरता से लिया जाएगा। ऐसे तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

डीजे संचालकों को निर्धारित समय-सीमा, ध्वनि स्तर और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना या स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गई।

बैठक में उपस्थित सभी पक्षों ने आश्वासन दिया कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करेंगे और त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं फरियाद

**कुशीनगर।** जनसमस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के उद्देश्य से आज 28 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली पडरौना में आयोजित ÷थाना समाधान दिवस÷ में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। महेन्द्र सिंह तंवर, जिलाधिकारी कुशीनगर तथा केशव कुमार, पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मामलों का समाधान उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर तत्काल आख्या लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया जाए, ताकि शिकायतों का उचित एवं शीघ्र निस्तारण हो सके।

# जन शिकायतों का हुआ निस्तारण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** समाधान दिवस के अवसर पर थाना श्यामदेउरवा में जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा आमजन की शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान निर्धारित समय सीमा के भीतर पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

सुनवाई के क्रम में ग्राम नटवा जंगल निवासी कैलाश साहनी द्वारा पूर्व में दर्ज कराई गई शिकायत के निस्तारण की स्थिति की जानकारी जिलाधिकारी ने स्वयं मोबाइल फोन के माध्यम से प्राप्त की। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी भूमि की पैमाइश कर दी गई है तथा वे कार्रवाई से संतुष्ट हैं और अब कोई समस्या शेष नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को इसी प्रकार अन्य प्रकरणों का भी समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

समाधान दिवस के दौरान विमला पत्नी श्रवण (सेमरा चन्दौली, परतावल चौकी), परशुराम पुत्र जोखई (बसडीला उर्फ अमवा), सत्यनारायण पुत्र पूर्णवासी, रविन्द्रा देवी (पंचदेउरी), उदयभान तिवारी (लखिमा), अमरनाथ पुत्र सुखराम (बड़हरा बरईपार) तथा सुनील कुमार कन्नोजिया (बसहिया बुजुर्ग) सहित अन्य शिकायतकर्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अधिकांश शिकायतें राजस्व, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद एवं स्थानीय प्रशासन से संबंधित रहीं। संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा गंभीर प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र समाधान के निर्देश प्रदान किए गए।

इस अवसर पर आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। आमजन से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था की स्थिति की जानकारी लेते हुए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, शिकायतकर्ता तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## संतोष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनित, हर्ष

**तमकुही कुशीनगर।** सर्वजन सनातन पार्टी ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुशीनगर जनपद के ग्राम तरियाकारी शाही निवासी पंडित संतोष तिवारी को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, पंडित संतोष तिवारी पुत्र द्वारिका तिवारी एक सनातनी विचारधारा से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी के विचारों और उद्देश्यों से सहमति जताते हुए समाज, सनातन और राष्ट्रहित में कार्य करने की इच्छा व्यक्त की थी। उनकी सक्रियता, रुचि और कार्यक्षमता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रदान की है। पार्टी नेतृत्व ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।



## जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

**सिद्धार्थनगर।** बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शनिवार को डुमरियागंज क्षेत्र में मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बाजारों, होटलों, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 'बाल श्रम मुक्त प्रतिष्ठान' के स्टीकर चस्पा किए गए। इस दौरान व्यापारियों व आमजन को बाल श्रम न कराने की शपथ दिलाई गई और इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। अभियान में मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान व श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने प्रमुख बाजारों का भ्रमण कर दुकानदारों से संवाद किया। मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के डिस्ट्रिक्ट लीड प्रसून शुक्ला ने बताया कि बाल श्रम कानूनन अपराध है और इससे बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है।

# अवैध शराब के विरुद्ध चला अभियान, लहन नष्ट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**निचलौल।** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान के तहत 28 फरवरी 2026 को क्षेत्राधिकारी निचलौल, उपजिलाधिकारी निचलौल एवं आबकारी निरीक्षक महाराजगंज के संयुक्त नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा ग्राम बलुवाहिया नर्सरी एवं हथियाहवां नर्सरी क्षेत्र में सघन दबिश एवं सर्च अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली गई। जांच के क्रम में अवैध कच्ची शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 05 कुंतल लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नियमानुसार नष्ट करा दिया गया। इसके अतिरिक्त आसपास के क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग अभियान भी संचालित किया गया, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने स्थानीय ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्परिणामों तथा इसके निर्माण, परिवहन एवं बिक्री से जुड़ी कानूनी कार्रवाई के संबंध में जागरूक किया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। संयुक्त कार्रवाई के चलते क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः सामान्य एवं शांतिपूर्ण बनी हुई है। जनपद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी का हुआ सम्मान

**महराजगंज।** पुलिस कार्यालय महराजगंज में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए क्षेत्राधिकारी सदर जय प्रकाश त्रिपाठी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवा-काल के लिए आभार व्यक्त किया गया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने जय प्रकाश त्रिपाठी की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, निष्पक्ष कार्यशैली और प्रशासनिक दक्षता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा अवधि के दौरान उन्होंने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ किया, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली को मजबूती मिली और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ।

# खेल माध्यम से सदैव सक्रिय रहें खिलाड़ी : अंकुर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** स्थानीय एपीएन पीजी कालेज के प्रांगण में 50 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका की अध्यक्ष नेहा वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्रीड़ा समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर वर्मा, प्राचार्य प्रो रीना पाठक व सत्य प्रकाश सिंह प्रांत उपाध्यक्ष विहिप उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो अभय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण के द्वारा वार्षिक क्रीड़ा समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इसी दौरान मशाल धावक प्रशांत पाठक का क्रीड़ांगन में प्रवेश हुआ।

विशिष्ट अतिथि अंकुर वर्मा ने कहा कि छात्र छात्राओं के पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी अपनी रूचि बनाएं रखें। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शरीर का स्वस्थ रखना आवश्यक है। अतः हमें खेल के माध्यम से सदैव सक्रिय रहना चाहिए। क्रीड़ा समारोह के चैम्पियन छात्र वर्ग महामंडेलश्वर सिंह रहे और छात्रा वर्ग की विजेता प्रिया चौधरी रहीं।

कार्यक्रम समापन के दौरान पूर्व प्राचार्य डा बीपी सिंह की उपस्थिति रही, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डा डीके अस्थाना, प्रो अवध नारायण चौधरी, डा शशिकांत राव, डा त्रिलोकी नाथ, पं महादेव शुक्ल कृषक पीजी कालेज गौर और डॉ गजेन्द्र उबरन गिरि की उपस्थिति रही। स्वागत उद्बोधन क्रीड़ा सचिव डा विष्णु कुमार जायसवाल ने दिया। मुख्य अतिथि डा बीपी सिंह ने कहा कि यदि आप शारीरिक रूप से फिट रहेगें तो आपका विभाग भी सक्रिय रहेगा जीवन में उर्जावान रहने के लिए शरीर का स्वास्थ रहना आवश्यक हैं।

प्राचार्य प्रो अभय प्रताप सिंह ने आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा एपी शुक्ला व डा अभिषेक कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर प्रो एसपी सिंह, प्रो राजेन्द्र बौद्ध, प्रो अनीता सिंह, प्रो राजेश सिंह, डा रोहित सिंह, डा राजीव कुमार सिंह, डा परीक्षित सिंह, डा महेन्द्र कुमार सोनी, डा राज किशोर वर्मा, डा निशा सोनकर, डा रश्मि साहु, डा रमेश कुमार, डा चन्द्र मिलन वर्मा, डा सतीश कुमार, डा दिग्विजय, डा अब्दुल गफ्फार, डा हारिस सिद्दीकी, डा सौम्या पाल, डा विजय शुक्ला, डा सुरेन्द्र सिंह, डा बलराम चौधरी, डा विनोद कुमार सिंह, डा रघुनाथ चौधरी, विनय कुमार, सुभाष मौर्या, हरिमोहन सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## छात्राओं ने एक दूसरे को दी होली की बधाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** होली के त्योहार को लेकर आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को होली से पूर्व विद्यालय में आयोजित होलिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई । वही कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने उपस्थित विद्यार्थियों को केमिकल युक्त रंगों के उपयोग न करने सहित आदि विषय को लेकर जागरूकता शपथ दिलाई ।



कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी पाण्डेय ने भी सभी को होली की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय, शोभनाथ यादव उमेश यादव संतोष यादव संदीप राव रुचि उपाध्याय श्वेता पटवा सरिता जायसवाल अन्नू जायसवाल प्रेमलता पासवान विनय कुमार वर्मा राकेश मिश्रा अमित कुमार चंद्रावती देवी आदि ने होली की बधाई दिया।

# छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने खेली होली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** लिटिल फ्लावर्स स्कूल सुरेन्द्र नगर कटरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं ने रंगों के पर्व होली का पूर्ण रूप से आनंद लिया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक सुरेन्द्र प्रताप सिंह एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य अपर्णा सिंह ने राधा-कृष्ण को रंग-गुलाल लगाकर किया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं द्वारा 'होली खेलै रघुवीरा अवध में नामक मन मोहक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान होलिका दहन, हिरण्यकश्यप का वध, नरसिंह अवतार तथा ब्रज की होली आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका शिवाली तथा संजना ने राधा कृष्ण का रूप धारण कर सभी को आहलादित किया।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक ने अपने संबोधन में सभी होली की शुभकामनाएं देने के साथ ही प्रहलाद का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम से ही सफलता अर्जित की जा सकती है, उन्होंने यह भी कहा कि यह त्योहार न केवल रंगों और मस्ती का प्रतीक है, बल्कि प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्य जी के संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने प्रहलाद का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रहलाद के विश्वास ने ईश्वर को खंभे से प्रकट कर दिया विश्वास के साथ किये गए परिश्रम का पर सकारात्मक परिणाम जरुर मिलता है। होली हमें यह भी सिखाती है कि जीवन में सभी रंग महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्पिता, आकांक्षा, पूजा, मधु सिंह व प्रीती अस्थाना, साक्षी, श्रद्धा सिंह, साक्षी गुप्ता, राजमणि वर्मा, तन्मय पांडेय आदि लोगों ने अपना अपूर्व योगदान दिया।

इस अवसर पर अनूप बरनवाल, अरुण भट्ट, तैयब हुसैन, संध्या तिवारी, खदीजा, अभिलाषा श्रीवास्तव, नीति शुक्ला, खुशबू पाण्डेय, शशि गुप्ता, सोनी नरूला, अंजली, प्रीती, तान्या, अनीता, मुस्कान आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बरसाने की होली ने मोहा मन

**महराजगंज।** जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज महाराजगंज में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिन शुक्रवार सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सांझ' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग से पंजीकृत कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ. ममता यादव ने मधुर सितार वादन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने सितार वादन की बारीकियों को सरल ढंग से समझाते हुए शास्त्रीय संगीत की गहराई से परिचित कराया। वहीं प्रयागराज की अंतरराष्ट्रीय लोक नृत्य कलाकार सोनाली चक्रवर्ती ने अपने नृत्य के माध्यम से बरसाने की होली की जीवंत झलक प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। जनपद सिसवा के लोक गायक अमित अंजन व उनकी टीम ने भक्ति संध्या में देवी गीत व माता जागरण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक जय मंगल कनौजिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार, एनसीसी-एनएसएस के छात्र-छात्राएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी लखपति दीदी

## सेल्फ मोबिलिटी कार्यक्रम के तहत मंशा देवी ने शुरू किया ई रिक्शा संचालन, अन्य महिलाओं को भी दे रहीं ट्रेनिंग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार के साथ योगी सरकार की पहल के परिणामस्वरूप नवयुग की आत्मनिर्भर नारियों की श्रृंखला लगातार विस्तृत हो रही है। सरकार की योजनाओं के संबल से आर्थिक स्वावलंबन प्राप्त करने के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं लखपति दीदी बन रही हैं। ऐसा ही एक नाम मंशा देवी का भी है। मंशा कभी घर के कामकाज में ही व्यस्त रहती थीं। पर, आज प्रतिमाह 20 हजार रुपये की आमदनी करते हुए अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं।

मंशा देवी ब्रह्मपुर ब्लॉक के ग्राम हरपुर की निवासी हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मंशा ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कुछ अलग करने का संकल्प लिया। ग्रामीण महिलाओं के लिए सरकार की तरफ से चलाए जा रहे सेल्फ मोबिलिटी कार्यक्रम के तहत उन्होंने ई रिक्शा उद्यम शुरू किया। मुद्रा योजना से 1.25 लाख रुपये का लोन लिया। खुद ई रिक्शा चलाने के साथ ही उन्होंने अन्य महिलाओं को भी ट्रेनिंग देनी शुरू की। वर्तमान समय में मंशा प्रतिमाह 20 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। उनका चयन प्रदेश की उन 14 लखपति दीदी में भी किया गया जिन्हें नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

मंशा देवी की सफलता ने अन्य कई महिलाओं को भी प्रेरित कर स्वावलंबी बनने को अग्रसर किया है। उपायुक्त स्वतः रोजगार नीरजा गुप्ता का कहना है कि चूल्हा चौका से लखपति दीदी बनने तक का सफर तय कर मंशा देवी रोल मॉडल बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में शासन की योजनाओं से लाभान्वित होकर अब तक 38750 ग्रामीण महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। महिला सशक्तिकरण अब केवल नारा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरता सच बन गया है।

# मुख्यमंत्री योगी के जापान दौरे से एमएसएमई सेक्टर होगा और सुदृढ़

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया जापान दौरे से एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) सेक्टर में अद्यानुतन तकनीकी और कौशल विकास से नवाचार और स्टार्टअप्स की गति तीव्र होने की उम्मीद और बलवती हुई है। सीएम योगी के जापान दौरे को निवेश और औद्योगिक विकास के लिए एक सफल पहल मानते हुए लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक कारीवाल का मानना है कि जापान का साथ मिलने से प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर और सुदृढ़ होगा और इससे रोजगार सृजन में भी ऊंची छलांग लगेगी।



लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कारीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के दौरान जापान की तरफ से उत्तर प्रदेश सरकार को एमएसएमई क्षेत्र में तकनीक हस्तांतरण, कौशल विकास, संयुक्त उपक्रम, सप्लाई चेन एकीकरण, ऑनलाइन सेलिंग में सक्रिय साझेदारी करने का प्रस्ताव दिया जाना राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। जापान की यह पहल यूपी को औद्योगिक हब और वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सीएम योगी के प्रतिबद्ध प्रयासों का परिणाम है। सीएम ने कानून व्यवस्था और उद्यमियों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश के प्रति देश और दुनिया के लोगों की जो धारणा बदली है, उसी के चलते जापान के प्रमुख उद्योगपतियों ने कृषि मशीनरी, आटो व कंपोनेंट्स, आटो आरएंडडी, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, कंप्रेस्ड बायो गैस, लाजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है।

श्री कारीवाल ने कहा कि ग्रीन हाईड्रोजन क्षेत्र में आपसी समझौते के अनुसार यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आईआईटी कानपुर को नोडल बनाकर आईआईटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित करेगी। इस पहल के तहत भारतीय छात्रों को जापान में प्रशिक्षण मिलेगा। श्री कारीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विदेश दौरे से प्रदेश के औद्योगिक विकास को एक नई गति मिलेगी। इसका फायदा गोरखपुर को भी मिलेगा।

# बच्चों ने बिखेरा ज्ञान का उजाला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** भारत में हर वर्ष 28 फरवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बड़हलगंज क्षेत्र के महुआपार स्थित न्यू सेंट्रल अकादमी में भव्य विज्ञान मेला, प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान को आमजन तक पहुंचाना तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

विद्यालय परिसर में आयोजित विज्ञान मेला आकर्षण का केंद्र बना रहा। विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर आधारित विभिन्न चार्ट, मॉडल और प्रयोग प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। बच्चों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, रोबोटिक्स, मानव शरीर संरचना तथा आधुनिक तकनीक से जुड़े मॉडल प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई प्रश्नावली के आधार पर छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान विषय की गहन समझ का परिचय दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीराम, डॉ. विशाल गुप्ता एवं डॉ. अशोक गुप्ता ने विद्यार्थियों को विज्ञान की उपयोगिता बताते हुए कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने महान वैज्ञानिक सी वी रमन के जीवन और उनके आविष्कार रमन प्रभाव पर प्रकाश डाला तथा बताया कि उनके योगदान के कारण ही यह दिवस मनाया जाता है।

मुख्य अतिथि शिखर गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी गोला दर्वेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन केवल एक महान वैज्ञानिक की स्मृति का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्र के भीतर छिपी जिज्ञासा और नवाचार की भावना को पहचानने और उसे आगे बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी निरंतर प्रयोग और खोज की भावना बनाए रखें, तो वे भविष्य में देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

विद्यालय के प्रबंधक बृजेश गुप्ता एवं प्रधानाचार्य सनी आर्या ने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम में शिक्षक विनय, अनंत, नीरज, जानकी, साक्षी, श्वेता, सोनम यादव, इशिका, प्रतिमा, पूजा, सोनम, प्रतिज्ञा, दीपशिखा, धर्मेंद्र, गिरिजाशंकर, सुजाता, बबिता सहित सहयोगी मनोज शाही, सुरेंद्र, पार्वती एवं शांति आदि उपस्थित रहे। विज्ञान मेले के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित विषय नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**बड़हलगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के जाईपार स्थित फ्यूचर विंग्स स्कूल में लगे विज्ञान एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्रों ने अपने प्रदर्शन से खूब वाहवाही बटोरा। बता दे कि शनिवार को बड़हलगंज स्थित फ्यूचर विंग्स स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया था। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने छात्रों की प्रतिभा का अवलोकन किया। इस अवसर पर मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि प्रतिभा उम्र व सुविधा की मोहताज नहीं होनी यह बात फ्यूचर विंग्स स्कूल के छात्र साबित कर रहे हैं। छात्रों ने विज्ञान, पर्यावरण, जल संरक्षण, वायु प्रदूषण, विद्युत संरक्षण, उन्नत खेती, ग्रीन हाउस आदि विषयों पर अपने बनाए प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# डीएम ने किया गोला तहसील का निरीक्षण

## एसआईआर की धीमी प्रगति पर पशु चिकित्साधिकारी पर जताई नाराजगी, वेतन बाधित करने के निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** शुक्रवार देर शाम जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गोला तहसील का औचक निरीक्षण किया। वह करीब तीन घंटे तक तहसील परिसर में मौजूद रहे और विभिन्न विभागों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया, लेकिन कई मामलों में सख्त निर्देश भी दिए।

प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ई-परवाना ऑनलाइन जारी करने और जनसुनवाई से जुड़े सभी मामलों की अनिवार्य रूप से आईजीआरएस पर फीडिंग की जाए, चाहे शिकायत तहसील दिवस की हो या प्रतिदिन आने वाली। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट व विकास भवन की तर्ज पर अब तहसील व ब्लॉक स्तर पर भी ई-फाइल के जरिए कामकाज शुरू होगा, जिसके लिए प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। लेखागार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बस्तों को अपडेट रखने का निर्देश दिया। जिन दस्तावेजों, नक्शों, खसरा-खतौनी या अन्य अभिलेखों की कमी है, उनकी सूची बनाकर देने को कहा, ताकि शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके। कोर्ट के मामलों में लेखपाल व आरआई को समय से रिपोर्ट प्रस्तुत करने और पुराने मामलों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का अनुपालन अनिवार्य है, इसके लिए पीठासीन अधिकारी रजिस्टर मेंटेन करें और आदेश मिलते ही उसका पालन कराएं। डीएम ने बताया कि लेखपालों व एआरओ की बैठक लेकर एसआईआर और फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की गई। जिनकी प्रगति धीमी है, उन्हें समय दिया गया है, लेकिन कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई तय है। एसआईआर कार्य में धीमी गति को लेकर जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी विजय गुप्ता पर नाराजगी जताई और वेतन बाधित करने की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील परिसर में अधिकारियों के आवासीय प्रबंध की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-गवर्नेंस को तेजी से लागू करना प्राथमिकता है। आईजीआरएस फीडिंग, ई-फाइल और एसआईआर जैसे कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी समयबद्ध और पारदर्शी कार्य सुनिश्चित करें, वरना कार्रवाई तय है। तहसील से निकलने के बाद जिलाधिकारी देर रात सीएचसी गोला भी पहुंचे और औचक निरीक्षण किया।

करीब 8.20 बजे पहुंचे डीएम ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की, जहां सभी कर्मचारी ड्यूटी पर मिले। निरीक्षण में स्वास्थ्य सेवाओं पर भी उन्होंने संतोष जताया।

इस दौरान सीआरओ हिमांशु वर्मा, उपजिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल, एसडीएम न्यायिक आलोक सिंह, तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार जय प्रकाश, बीडीओ बड़हलगंज मनोज कुमार सिंह, गोला दिवाकर सिंह आदि उपस्थित रहें।

## ताला तोड़कर नकदी व गहने चोरी, केस दर्ज

**सहजनवां।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी संजय उपाध्याय पुत्र स्व मार्कण्डेय उपाध्याय जो नगर पंचायत सहजनवा वार्ड न.9 धनश्याम नगर में मकान बना कर रहते है। माता की तबियत खराब थी। जिनका गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिजन के साथ अस्पताल में थे। घर में ताला बंद था। 26 फरवरी की रात्रि में चोर घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखा सोने की हार,दो चैन, सोने की चार अंगूठी,सोने की दो जोडी बाली,सोने की नथुनी और 10 हजार नकद चोर चुरा ले गए थे। सुबह जब घर पर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरे हुए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




# विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** सेठ लक्ष्मी प्रसाद स्वर्णकार की 25वीं पुण्यतिथि एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विज्ञान क्विज, गणित प्रतियोगिता और रीडिंग चैलेंज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की बौद्धिक क्षमता और वैज्ञानिक सोच को विकसित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्व. स्वर्णकार के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विज्ञान व गणित क्विज के साथ प्राथमिक वर्ग के लिए हिंदी-अंग्रेजी रीडिंग और कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राथमिक, जूनियर और सीनियर वर्ग के चारों हाउस के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रश्नोत्तरी के दौरान छात्रों का आत्मविश्वास और तत्परता देखने योग्य रही। प्रतियोगिता में कई राउंड आयोजित हुए, जिनमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने कठिन प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जूरी टीम द्वारा विजेताओं की घोषणा की गई और उन्हें पुरस्कृत किया गया।



विजेताओं में प्राथमिक वर्ग से यशवर्धन प्रथम, राजनंदनी द्वितीय व अलीना तृतीय रहीं। जूनियर वर्ग के मैथ चैलेंज में आयुष यादव प्रथम, तन्या यादव द्वितीय व अंशिका शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग के विज्ञान क्विज में अदिति वर्मा प्रथम, आकाश यादव द्वितीय व श्रद्धा तृतीय रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार व प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में जिज्ञासा, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने स्व. स्वर्णकार के शिक्षा के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनका सपना था कि क्षेत्र का हर बच्चा शिक्षित और वैज्ञानिक सोच वाला बने।

इस दौरान विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## महिला ग्राम प्रधान ने लगायी न्याय की गुहार

**बडहलगंज।** बड़हलगंज क्षेत्र के खड़ेसरी गांव में दबंगो ने गांव में हो रहे खड़न्जा निर्माण कार्य को रोक दिया है। गांव की महिला ग्राम प्रधान लीलावती देवी ने सैकड़ो लोगो के साथ तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी गोला को पत्रक देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम गोला को दिये गये पत्रक में महिला ग्राम प्रधान ने लिखा है कि लेखपाल कानूनगो के पैमाइस के बाद गांव में सार्वजनिक रास्ते पर खड़न्जा निर्माण कार्य करा रही थी। गांव के ही अनिल तिवारी व उनका पुत्र शन्नी तिवारी कार्य को रोक दिया तथा ट्राली से ईट उतार रहे मजदूर को मां बहन व जातिसूचक शब्दो की गाली देते हुए बुरी तरह मार पीट कर घायल कर दिया तथा गाड़ी की चाभी छीन लिया। दबंगो के कृत्य से महिला ग्राम प्रधान डर गई है। गांव में हो रहे रास्ते का निर्माण लोकहित में आवश्यक है, दबंग कार्य में बाधा डालने के लिए हमेशा मार पीट पर उतारू हो जा रहे है।

# तकनीकी शिक्षा भी जरूरी : संदीप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सुरदापार राजा स्थित केआर मेमोरियल एकेडमी में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानो तो जानो थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में एलकेजी से इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप राय, जिला विद्यालय निरीक्षक ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि साहित्यिक शिक्षा के साथ तकनीकी एवं वैज्ञानिक शिक्षा भी वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है। विज्ञान आधारित सोच ही राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लगन, अनुशासन और निरंतर जिज्ञासा के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी।




प्रदर्शनी में स्मार्ट अल्कोहल डिटेक्टर, डीएनए मॉडल, कार्बन प्यूरीफिकेशन, स्मार्ट सिटी, सोलर एनर्जी एवं ग्रीन हाउस इफेक्ट जैसे मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही भविष्य के वैज्ञानिक तैयार होते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिल तिवारी ने की। उन्होंने विज्ञान को क्रमबद्ध ज्ञान की संज्ञा देते हुए कहा कि व्यवस्थित अध्ययन और जिज्ञासा से ही नवाचार संभव है।

अंत में विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। संचालन प्रमोद यादव एवं रंजीत ओझा ने किया। कार्यक्रम में रतन प्रकाश दुबे, योगेश कुमार , राजन सिंह एवं शिक्षक, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खेल व डीजे नाइट का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सहजनवां।** बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गीडा गोरखपुर में चार दिवसीय बुद्धा बसंत महोत्सव के दुसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी गीड़ा, गोरखपुर के कर कमलो द्वारा हुआ, शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इन चार दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे जहां छात्रों को खेल एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बल मिलेगा, वहीं नवीन तकनीकी की जानकारी हेतु आयोजित कार्यक्रम लाभप्रद रहेगा। अपनी शारीरिक ऊर्जा की क्षमता के आकलन हेतु खेल प्रतिस्पर्धा होगी। वही तन व मन को प्रसन्न करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इन चार दिवस में छात्र को भरपूर आनंद की प्राप्ति होगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र की सबसे बड़ी ताकत उसका स्वयं पर अनुशासन होना है अगर आप अनुशासित है तो मंजिल को प्राप्त करना बेहद आसान होगा। छात्र जीवन व स्वर्णिम समय है जिसमें की गई संघर्ष एवं मेहनत की तपस्या आपको जीवन पर्यान्त सुकून प्रदान करते हैं।



संस्थान के सचिव डॉ. रजत अग्रवाल ने कहा कि बुद्धा ग्रुप प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन को आयोजित कर छात्रों को स्वआंकलन का अवसर प्रदान करने का मंच है स्पर्धा, ताकि भविष्य की प्रतिस्पर्धा हेतु छात्र कितना तैयार है इसका आकलन छात्र स्वयं कर सके। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, संतोष त्रिपाठी, डॉ रुप रंजन, डॉ. आशीष सिंह, डॉ.लतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, अभिनव कुमार श्रीवास्तव, डॉ. शोभालाल, प्रो0 एच0 एन0 सिंह, सीटीओ विजय श्रीवास्तव, प्रो. अवधेश तिवारी, मनीष कुमार गुप्ता, अर्जुन यादव, श्याम बिहारी लाल, उज्जवल श्रीवास्तव सहित संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता, शिक्षक कर्मचारी व छात्राएं उपस्थित थे।

# उद्गम-2026 में छात्र-छात्राएं प्रतिभा सम्मान से सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सहजनवां।** केआईपीएम टेक्निकल कैम्पस के 17वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उद्गम-2026 एवं पुरातन छात्र सम्मेलन कॉलेज प्रांगण में जोरदार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समापन। अंतिम दिन के कार्यक्रम के शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ मंगलेश श्रीवास्तव महापौर, गोरखपुर तथा विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ विजय वर्मा, इसरो साइंटिस्ट, शैलेश शरण शुक्ला, निदेशक दूरदर्शन, प्रवीन श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया।

अंतिम दिन के कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आर डी सिंह, सचिव रीता सिंह, प्रबंधक महोदया सुनीता सिंह, प्रबंध निदेशक विनोद कुमार सिंह, सीईओ-केआईएफ शिवांश विक्रम एवं निदेशक-फार्मेसी डॉ जय नारायण मिश्रा सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कुल-गीत से हुआ, उपस्थित सभी अतिथियों ने कुल गीत की सराहना करते हुए बच्चों का उत्सव वर्धन किया। मुख्य अतिथि के सम्मान में निदेशक-फार्मेसी डॉ जय नारायण मिश्रा द्वारा अभिनंदन पत्र वाचन के उपरांत संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि केआईपीएम अपने निर्धारित दिशा पर निरंतर अग्रेषित हो रहा है यही एक अच्छे कॉलेज की पहचान है इसके लिए मैं यहां के सभी लोगों को बहुत-बहुत बधाइयां देता हु।

स्थापना दिवस ÷उद्गम-2026÷के अंतर्गत मैनेजमेंट विभाग के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। पुरातन छात्र सम्मेलन के अंतिम दिन 1296 एलुमनाई ने सहभागिता की। वर्तमान छात्रों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।



अध्यक्ष आर डी सिंह ने कहा कि आज मुझे गर्व होता है की कॉलेज के बच्चे इंजीनियर, मैनेजर एवं फार्मासिस्ट बनकर देश विदेश में कालेज सहित पूरे पूर्वांचल का नाम रोशन कर रहे है साथ ही मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।

वही संस्था की प्रबंधक सुनीता सिंह पुरातन छात्र सम्मेलन में आए हुए सभी पुरातन छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां की आप कहीं भी रह कर नौकरी करें लेकिन आप अपने गरिमा के साथ मन लगाकर काम कीजिए जिससे आपका नाम, आपके माता-पिता का नाम और इस संस्था का नाम रोशन हो।

सचिव रीता सिंह ने संस्था की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि केआईपीएम संस्थान ने पिछले कई वर्षों में बहुत प्रगति की है। सचिव विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मैं आभार प्रकट करता हूँ कि आप अपने व्यस्ततम समय में से इस कार्यक्रम लिए समय निकालकर हम लोगो को अनुग्रहित किये। कार्यक्रम के अंत में सीईओ-केआईएफ शिवांश विक्रम ने उपस्थित अतिथियों, एलुमनाई एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उपरोक्त कार्यक्रम में निदेशक-ह्यूमन रिसोर्स डॉ एसपी सिंह, निदेशक-फार्मेसी डॉ जय नारायण मिश्रा, निदेशक-एमबीए डॉ दीपक श्रीवास्तव, निदेशक-इंजीनियरिंग डॉ जाहिद रियाज खान, प्रशासनिक अधिकारी वीपी सिंह सहित कॉलेज के अन्य डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उद्गम-2026 नवाचार, सांस्कृतिक विविधता और पुरातन-नवीन समन्वय का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत,उतरौला/बलरामपुर।** ब्लाक संसाधन केन्द्र उतरौला में दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा की शिक्षा से जोड़ने और समावेशी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पांच दिवसीय प्रशिक्षण का कार्य क्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों ने प्रतिभाग कर समावेशी शिक्षा की विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।प्रशिक्षण के दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं, उनकी प्रारम्भिक पहचान, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा विद्यालय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार रुप से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने समावेशी शिक्षा से जुड़े प्रावधानों, भारतीय पुनर्वास परिषद के दिशा- निर्देशों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निर्धारित प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही साथ सामान्य कक्षाओं में दिव्यांग एवं अन्य बच्चों के बीच सन्तुलन स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। खण्डशिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा ने कहा कि दिव्यांगता की समय रहते पहचान कर बच्चों को शासन की योजनाओं से जोड़ना भी अत्यंतआवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे विद्यालय स्तर पर ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उनकी शैक्षणिक,मानसिकऔर सामाजिक जरूरतों को समझें तथा उन्हें आत्म निर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें। प्रशिक्षण सत्र में स्पेशल एजुकेटर शैलेश कुमार पांडेय और शाह मोहम्मद ने गतिविधि पर आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से समावेशी कक्षा संचा लन के प्रभावी तरीके को समझाए। अन्त में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बीआरसी उतरौला का समस्त स्टाफ भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## एसपी ने किया उतरौला कोतवाली का औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत, उतरौला/बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने थाना कोतवाली उतरौला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कोतवाली के मालखाना,थाना कार्यालय पर लगा सीसी टी एन एस कार्या लय, मिशन शक्ति केन्द्र और अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर,दंगा नियन्त्रण उपकरणों और कार्यालय के अभिलेखों के अलावा कई पाठकों का निरीक्षण किया।आगामी त्योहार होलिका दहन के दृष्टिगत तैयारियों का भी जायजा लिया,और सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी बैरक और थाना आवास की साफ सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय,प्रभारी निरीक्षकअवधेश राज सिंह के अलावा थाने केसभी उपनिरीक्षक व पुलिस बल मौजूद रहे।

# आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन



**स्वतंत्र भारत, बलरामपुर।** आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित विविध विषयों पर आधारित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु महंत मिथिलेश नाथ योगी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी जिज्ञासा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। प्रदर्शनी में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, प्रदूषण नियंत्रण, डिजिटल सुरक्षा, कृषि नवाचार सहित विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली भी विस्तार से समझाई, जिससे उनकी विषय पर पकड और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। अतिथियों ने उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना की। विद्यालय द्वारा बताया गया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## खबर एक नजर

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पकड़ा एक कुन्तल लावारिस खोया,किया नष्ट

**स्वतंत्र भारत, बलरामपुर।** आगामी होली पर्व को देखते हुए जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में 28 फरवरी 2026 की रात विशेष सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। रात्रिकालीन अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न परिवहन बसों एवं बाहरी वाहनों की तलाशी ली। बाहर से लाए जा रहे खाद्य पदार्थों की गहन जांच की गई। इसी क्रम में लगभग 100 किलोग्राम लावारिस खोया बरामद किया गया, जिसका कोई वैध दस्तावेज या स्वामी सामने नहीं आया। जनहित को ध्यान में रखते हुए टीम द्वारा उक्त खोये को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। अभियान का नेतृत्व गिरिजेश कुमार दूबे, सहायक आयुक्त (खाद्य)-चन्द्र भानु, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राम मौर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी,शंकर दयाल तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी, अवैध भंडारण एवं बिना मानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। बसों और निजी वाहनों की रात्रिकालीन चेकिंग आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि होली जैसे प्रमुख पर्व पर जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो और किसी भी प्रकार की मिलावट से आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे।

### बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए सौ से अधिक मॉडल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**नगर पंचायत डेरवा के त्रिपाठी नगर मे लॉजिकल एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे शनिवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी मे बाल वैज्ञानिकों ने क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सौ से अधिक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया।सीएचसी बाघराय के एमओ निरीक्षक डॉ दीपक कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।बाल वैज्ञानिकों ने प्रोजेक्टर वेंडिंग मशीन एस्केलेटर रेन वाटर हार्वेस्टिंग गांव व शहर के बीच अंतर पौधों के भाग आदि का मॉडल प्रस्तुत किया।इस दौरान लायंस क्लब अध्यक्ष संतोष पांडेय डॉ वाईएन गुप्ता डॉ राम पांडेय डॉ शिवानी शुक्ला डा उमाकांत ओझा आदि उपस्थित रहे।

### एसपी ने दो थानेदारों को किया इधर से उधर

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** एसपी दीपक भूकर ने दो थानेदार को इधर से उधर स्थानांतरित किया है। महेशगंज थाना इंचार्ज राधेश्याम को देल्हुपुर थाना इंचार्ज बनाया है तो देल्हूपुर थाना इंचार्ज राधे बाबू को महेशगंज थाना इंचार्ज बनाया है। शनिवार को महेशगंज थाना इंचार्ज राधेश्याम को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर किया गया।राधेश्याम तीन माह पहले महेशगंज आए थे।इस अवसर पर सम्भ्रांत लोग व पुलिस कर्मियों ने फूल माला पहनाकर विदा किया।इस दौरान एसआई नीरज कुशवाहा विजेंद्र सिंह शिवपाल सिंह अजय सिंह समेत समाजसेवी व पत्रकार काशी राणा पन्ना लाल पाल संजय शुक्ला विनोद यादव विश्वादीपक प्रशांत लोकेश बबलू सरोज आदि उपस्थित रहे।

### नाली के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**संग्रामगढ़ थाना के जयचंदपुर मे नाली के विवाद मे दो पक्षों मे कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई।दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन घायल हो गए।घायलों को ईलाज हेतु सीएचसी संग्रामगढ़ लाया गया।प्रथम पक्ष से कंचन पटेल 25 की माता बिट्टन देवी व पिता संतोष पटेल,मोना,सोना,संध्या, शांति देवी समेत सत्येंद्र घायल है।दूसरे पक्ष से सोनी,मुस्कान,अभिषेक विनोद,आंचल घायल है।

# होली-रमजान त्योहार को लेकर प्रशासन अलर्ट



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**आगामी होली व रमजान पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण तथा सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है।इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा हिंदू-मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक पुलिस लाइन के में आयोजित करते हुए कहा कि होली और रमजान दोनों पर्व आपसी भाईचारे,प्रेम और सद्भाव के प्रतीक है।ऐसे में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे त्योहारों को मिल-जुल कर मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें।उन्होंने अपील की कि बाजारों में सुरक्षा,साफ-सफाई और निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए।डीएम ने कहा होलिका दहन ग्रामसभा के निर्धारित स्थलों पर ही किया जाय,किसी के व्यक्तिगत जमीन पर न किया जाए,डीजे निर्धारित ध्वनि मानकों के आधार पर ही बजाया जाए।यदि जांच के दौरान डीजे तय मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया,तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवा? करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने,सांप्रदायिक सौहार्द बिगा?ने या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।बैठक मे एएसपी पश्चिमी बृजनंदन रॉय,एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल समेत समस्त संभ्रांत जनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## होली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को सौगात डीएम ने बांटे प्रतीकात्मक चेक

**बलिया।** बताया जाता है कि महिला सशक्तिकरण अभियान उज्ज्वला से बना ऊर्जावान, होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रुपए 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम शनिवार को आफिसर्स क्लब में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के 15 लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। उन्होंने बताया कि बलिया जिले में कुल 2,26,449 उज्ज्वला लाभार्थी हैं, जिनके खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से सब्सिडी की धनराशि स्थानांतरित की गई है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों को होली की शुभकामनाएं भी दीं।जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में दो ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने आम जनमानस को अपना परिवार माना और आज सरकार उसी भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि मुफ्त राशन योजना से जरूरतमंदों को खाद्यान्न मिल रहा है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें जमीन-जायदाद या आभूषण गिरवी रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

## शादी का झांसा देकर युवक ने किया शारीरिक शोषण

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।**पट्टी कोतवाली के एक गांव की युवती ने शनिवार की शाम पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया कि गांव का एक युवक करीब 6 वर्ष पूर्व से शादी का झांसा देकर उसे अपने संपर्क में लिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और गर्भ रुक जाने पर गर्भपात करा दिया।जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक व उसके परिजनों ने शादी करने से इनकार कर दिया।

# पुलिस द्वारा महिला एवं नागरिक सुरक्षा की दी गई जानकारी

**(मार्टिनगंज) आजमगढ़ ।** मोलनापुर अहमद बख्श फुलेश के ओमप्रकाश मिश्र स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के तहत दीदारगंज की पुलिस द्वारा महिला एवं नागरिक सुरक्षा जैसे कानून की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना दीदारगंज प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने फीता काटकर व मां सरस्वती जी, आराध्य गणेश जी तथा स्व0ओम प्रकाश मिश्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला व नागरिक सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून की विधिवत जानकारी दी गई । इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा महिला सुरक्षा के उपाय तथा कानून के विषय में कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुलिस आरक्षियों से जानकारी ली । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक थाना दीदारगंज जय प्रकाश का माल्यार्पण कर बुके एवं अंगवस्त्रम देकर प्राचार्य धीरेंद्र कुमार मिश्र ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह यादव, डा0आर एस एन त्रिपाठी, प्रियंका मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# अवैध कच्ची शराब 7 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण और बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी के नेतृत्व में थाना तरकुलवा पुलिस तथा आबकारी टीम द्वारा शनिवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोन्हवलिया में अभियुक्ता क्रमशः 1. लालमती देवी पत्नी विशुनदेव निषाद, 2. फूलमती पत्नी परसन, 3. ज्योति निषाद पत्नी शंकर निषाद व 4. बबिता देवी पत्नी शिवकुमार निषाद निवासीगण कोन्हवलिया थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 05-05 लीटर (कुल 20 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया तथा अभियुक्त 5. दुर्गेश निषाद पुत्र पलिता निषाद, 6. सचिन निषाद पुत्र धर्मदेव निषाद व 7. राजनाथ निषाद पुत्र स्व0 रामछबिला निवासीगण ग्राम कोन्हवलिया थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से कुल 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया तथा मौके पर कुल 600 कि0ग्रा0 लहन नष्ट किया गया । बरामद अवैध कच्ची शराब को कब्जा पुलिस में लेकर गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्तागण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-56/2026 तथा 57/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## मोटर साईकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश

**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।**?तनपुर थाना के एसओ मनीष त्रिपाठी के चलाए जा रहे अभियान के तहत फतनपुर पुलिस ने मोटर साइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है।एसआई सुनील कुमार गुप्ता,संतोष कुमार वर्मा आदि ने तीन सदस्यीय शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए, तीन शातिर को गिरफ्तार किया है।उनके कब्जे से सात चोरी की मोटर साइकिल तथा घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा बरामद किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों को फतनपुर क्षेत्र के सुवंसा नहर मोड़ के पास से पकड़ा गया।पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहले रेकी करते है और सुनियोजित तरीके से मोटरसाइकिल चोरी कर लेते थे।चोरी के बाद वाहनों को झाड़ियों में छिपाकर रखते थे और बाद में सस्ते दामों में बेच देते थे।गौरतलब है कि थाना फतनपुर क्षेत्र के राय बद्री पाल सिंह इंटर कॉलेज,बीरापुर से मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई,जिस संबंध में स्थानीय थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के नमन सरोज उर्फ प्रियांशु राज पुत्र सुनील कुमार निवासी कोड़ापुर थाना फूलपुर प्रयागराज,कृष्ण कुमार सरोज उर्फ गामा पुत्र जंग बहादुर निवासी पूरे गोसाई घूरिपुर थाना ?तनपुर,बबलू सरोज पुत्र शिव शंकर निवासी पूरे गोसाई पर थाने मे दर्ज मुकदमा उपरोक्त मे बरामदगी अनुसार सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।


**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जोन–06 बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।**

पत्रांकः– 440/ई0ई0–06/एल0जे0एस0 2025–26 दिनांक 27.02.2026

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन–06 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 06.03.2026 को अधिशासी अभियन्ता जोन–06 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बाक्स से प्राप्त की जाएगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 06.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता जोन–06 के कार्यालय में खोली जाएंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी कम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Reboring of 1.5 H.P Submersible Pump 2 nos at 1- Bharmini Tola Naubast 2- Babali nagari Malin Basti, Sheetla Devi Ward, Lucknow | 327720.00 | 6600.00 | Rs. 350.00+ (18%GST)=413 | 07 Days |
| 02 | Reboring of 1.5 H.P Submersible Pump 2 nos at 1- near Neelam sahu's House Nai Bada 2- near Anil Diwadi's House Khat Gali, Chowk Ward, Lucknow.. | 327720.00 | 6600.00 | Rs. 350.00+ (18%GST)=413 | 07 Days |
| 03 | Reboring of 1.5 H.P Submersible Pump 2 nos at 1- near Radha Krishna Mandir house no. 315/150 Bagh Mahanarayan, 2-near Rishi Shukla's House Bagh Mahanarayan, Chowk Ward, Lucknow.. | 327720.00 | 6600.00 | Rs. 350.00+ (18%GST)=413 | 07 Days |
| 04 | Reboring of 1.5 H.P Submersible Pump 2 nos at 1- Chowk Kotwali ki back near Santoshi Mata Mandir in front of Shree Sudhirj's house 2- in front of Shree Pankaj's house, Darji Bagiya, Chowk Ward, Lucknow. | 327720.00 | 6600.00 | Rs. 350.00+ (18%GST)=413 | 07 Days |
| 05 | Reboring of 1.5 H.P Submersible Pump 2 nos at 1- Rine nagar 2 no.gali, 2- near Yasmeen Jeneral store Pramnagar, Ward Kanhaiya Madhavpur I, Lucknow | 327720.00 | 6600.00 | Rs. 350.00+ (18%GST)=413 | 07 Days |
| 06 | Reboring of 1.5 H.P Submersible Pump 01 nos at Ranikatra, Acharya Narendra Dev Ward Lucknow. | 163860.00 | 3300.00 | Rs. 200.00+ (18%GST)=236 | 07 Days |
| 07 | Reboring of 1.5 H.P Submersible Pump 2 nos at 1- Bhuiyan Devi Mandir Saadatganj 2- Behind Hanif Khan's Gali Biharipur, Sheetla Devi Ward, Lucknow | 327720.00 | 6600.00 | Rs. 350.00+ (18%GST)=413 | 07 Days |
| 08 | Repair of 04 nos 1.5 HP Submercible Pump at Different places of Chowk Ward Lucknow | 149780.00 | 3000.00 | Rs. 200.00+ (18%GST)=236 | 07 Days |
| 09 | Repair of 05 nos 1.5 HP Submercible Pump at Different places of Chowk Ward Lucknow. | 164854.00 | 3300.00 | Rs. 200.00+ (18%GST)=236 | 07 Days |
| 10 | Repair of 04 nos 1.5 HP Submercible Pump at Different places of Chowk Ward Lucknow. | 129888.00 | 2700.00 | Rs. 150.00+ (18%GST)=177 | 07 Days |

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ


# होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक, शांति बनाए रखने की अपील



**स्वतंत्र भारत, बाबागंज बहराइच।** आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के चौकी बाबागंज व रूपईडीहा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक रामेश कुमार रावत, ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह, चौकी इंचार्ज शिवेस कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधानगण, धर्मगुरु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चौकी इंचार्ज शिवेस कुमार शुक्ला ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और इन्हें आपसी भाईचारे, सौहार्द व कानून-व्यवस्था के दायरे में रहकर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की बात कही गई। थाना अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणित सूचनाओं पर ध्यान न देने की सलाह दी गई। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं धर्मगुरुओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सूची से 68 मतदाता गायब

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नजदीक आते ही गुणा-भाग,काट-छांट का जुगा? लंबरदारों के द्वारा किया जाने लगता है।अभी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत मतदाता सूची मे नाम जोड़ने व घटाने आदि का कार्य बीएलओ द्वारा किया जा रहा है।बीएलओ के मतदाता सूची सत्यापन पूर्व जमा करने के पहले ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों ने कहीं से जुगा? बैठाकर करीब 68 मतदाता के नाम काटते हुए ऑन लाइन फीडिंग कर दिया जबकि बीएलओ ने सत्यापित सूची जमा भी नहीं किया था,यह सीधे-सीधे निष्पक्ष पारदर्शी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को प्रभावित करने का काम किया गया है।ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम सभा पूरे अनिरुद्ध के ग्राम प्रधान रवि शंकर शुक्ला ने बीडीओ को शिकायत पत्र देकर बताया है कि सत्यापन सूची मे 68 मतदाता के नाम सूची जमा करने के पहले ही काट दिए गए है।

# आइए हम सब हों उत्सवधर्मी



- हृदयनारायण दीक्षित

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृतिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थत्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थानत्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है और अजर-अमर है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक्, यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभवन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है। तब धरती आकाश तक मदनरस छलकता है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढक गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है।

बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में। वे जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है। लेकिन बूढ़े बुजुर्ग भी बासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी बसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव के पड़ोस से बहने वाली सई नदी भी आनंदमगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े बनबबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गांये उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गर्मी की उमस और बेचैनी। बसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फगुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। बसंत इसीलिए ऋतुराज है।

पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋतु बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह बसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है।

**होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असम्भवों के संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है।**

होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असम्भवों के संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयाँ नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परम्परा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परम्परा एक सतत् प्रवाह है। परम्परा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखण्ड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गये। सो होली जैसे अंतर्राष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। समाज की सामूहिकता पर बाजार का हमला है। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सवधर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए उत्सवधर्मी हों हम सब।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### पंचम अध्याय

(गतांक से आगे)

पतन की परिस्थितियाँ होते हुए भी उसके लिये पतन का भय नहीं है; क्योंकि जिस परमतत्त्व को चाहता है, वही उसे सँभालने की जिम्मेदारी भी ले लेता है।

तपस्वी अभी योग को ढालने में प्रयत्नशील है। कर्मी केवल कर्म जानकर करता भर है। ये गिर भी सकते हैं; क्योंकि इन दोनों में न समर्पण है और न अपनी हानि-लाभ देखने की क्षमता; किन्तु ज्ञानी योग की परिस्थितियों को जानता है, अपनी शक्ति समझता है, उसकी जिम्मेदारी उसी पर है और निष्काम कर्मयोगी तो इष्ट के ऊपर अपने को फेंक चुका है, वह इष्ट सँभालेगा। परमकल्याण के पथ पर ये दोनों ठीक चलते हैं; किन्तु जिसका भार वह इष्ट सँभालता है, वह इन सबसे श्रेष्ठ है; क्योंकि प्रभु ने उसे ग्रहण कर लिया है। उसका हानि-लाभ वह प्रभु देखता है। इसलिये योगी श्रेष्ठ है। अतः अर्जुन ! तू

योगी वन। समर्पण के साथ योग का आचरण कर। योगी श्रेष्ठ है; किन्तु उनसे भी वह योगी सर्वश्रेष्ठ है. जो अन्तरात्मा से लगता है। इसी पर कहते हैं-

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः ।।47।।

सम्पूर्ण निष्काम कर्मयोगियों में भी जो श्रद्धाविभोर होकर अन्तरात्मा ले. अन्तर्चिन्तन से मुझे निरन्तर भजता है, वह योगी मुझे परमश्रेष्ठ मान्य है। भजन दिखावे या प्रदर्शन की वस्तु नहीं है। इससे समाज भले ही अनुकूल हो किन्तु प्रभु प्रतिकूल हो जाते हैं। भजन अत्यन्त गोपनीय है और वह अन्तःकरण से होता है। उसका उतार-चढ़ाव अन्तःकरण के ऊपर है।

निष्कर्ष- इस अध्याय के आरम्भ में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा कि फल के आश्रय से रहित होकर जो %कार्यम् कर्म% अर्थात् करने योग्य प्रक्रिया-विशेष का आचरण करता है, वही संन्यासी है और उसी कर्म को करनेवाला ही योगी है। केवल क्रियाओं अथवा अग्नि को त्यागनेवाला योगी अथवा संन्यासी नहीं होता। संकल्पों का त्याग किये बिना कोई भी पुरुष संन्यासी अथवा योगी नहीं होता। हम संकल्प नहीं करते- ऐसा कह देने मात्र से संकल्प पिण्ड नहीं छोड़ते। योग में आरूढ़ होने की इच्छावाले पुरुष को चाहिये कि कार्यम् कर्म करे। **क्रमशः...**

# किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या अत्यंत गंभीर

आज के आधुनिक युग में मनुष्य जिस प्रकार से खुद को उन्नत महसूस कर रहा है, उससे ज्यादा खुद को समस्याओं में घिरा पा रहा है, इसमें विशेष है मानसिक स्वास्थ्य समस्या। हर उम्र के लोग कभी न कभी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से रूबरू होते है या हुए है, सुख-शांति बस नाम की नजर आती हैं। ऐसा लगता है, जैसे हर कोई किसी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जी रहा हैं। आजकल किशोरवयीन बच्चों में भी मानसिक स्वास्थ्य समस्या का विषय बेहद घातक स्तर पर पहुंच गया हैं। किशोरों में लगातार बढ़ता आपराधिक ग्राफ भी गंभीर नजर आता है, इस उम्र के बच्चों में गुस्सा, चिड़चिड़ापन, तनाव, द्वेष, सहनशीलता की कमी, सोशल मीडिया की लत, नशाखोरी जैसी समस्या तेजी से बढ़ी हैं। हम अक्सर किशोरों द्वारा किये जानेवाले घटनाओं और कृत्यों को जानकर दंग रह जाते है कि, अभिभावकों ने केवल डांटा तो किशोरवयीन बच्चे आत्महत्या या खुद को हानि पहुँचाते, घर से भाग जाना या अनुचित कदम उठाने जैसे अपराध करते है, संगीन अपराधों के लिए बड़े अपराधियों जैसी गैंग बनाकर घूमते हैं। चोरी, डकैती, तस्करी, बलात्कार, खून, जानलेवा हमला करने जैसे गंभीर गुनाहों में भी किशोरवयीन बच्चे लिप्त होने की घटनाएं हैं। स्कूली बच्चों द्वारा अपने शिक्षक पर भी जानलेवा हमले करने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। कम उम्र में ही गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, नशाखोरी, झूठा दिखावा करना, बात-बात पर झूठ बोलना, संस्कारों की कमी, नैतिकताहीन, चरित्रहीनता, अश्लीलता, फूहड़ता ने समाज में जहर घोल दिया हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए मर्यादाओं को लांघकर बेशर्मी का चोला पहनकर अनेक युवा जिंदगी बर्बाद कर चुके हैं। दूसरी ओर अभिभावकों का अपने बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों पर अँधा भरोसा, बच्चों को समय न देना, बच्चों को पोषक वातावरण न देना, बच्चों से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना, प्रतियोगिता का माहौल बनाना, बच्चों पर दबाव डालना या बच्चों की भावनाओं को अभिभावकों द्वारा न समझना, बुरी संगत, बच्चों का जीवन में बुरी बातों या घटनाओं का विरोध करने से डरना, किसी खौफ के साये में जीना भी आजकल किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य की वजह हैं। किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 2 मार्च को ÷विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस÷ मनाया जाता है, यह दिवस जागरूकता बढ़ाने, स्टिग्मा को कम करने, चिंता और तनाव, अवसाद जैसी किशोरवयीन स्वास्थ्य चुनौतियों के बारे में खुली बातचीत को बढ़ावा देने और साथ ही स्वन्देखभाल नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देता हैं। इस साल 2026 की थीम किशोरवयीन विद्यार्थियों को उनके स्कूलों में स्वास्थ्यवर्धक कल्याणकारी उपक्रम हेतु नेतृत्व करने के लिए मजबूत बनाना यह हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, किशोरवयीन बच्चे शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक बदलावों की वजह से मानसिक स्वास्थ्य समस्या के शिकार हो जाते है, जिसमें गरीबी, गलत व्यवहार या हिंसा शामिल हैं। इन्हें ऐसी समस्याओं से बचाकर बेहतर जीवन के लिए आवश्यक पोषक वातावरण निर्माण कर देना बेहद जरुरी हैं। ऐसा अनुमान है कि, दुनिया भर में, 10-19 साल की उम्र के हर सात में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का शिकार है, यह दुनिया भर में होने वाली कुल बीमारियों का 15 प्रतिशत है, फिर भी इन समस्या को ज़्यादातर पहचाना नहीं जाता और उनका इलाज नहीं किया जाता। ज़िंदगी भर होने वाली सभी मानसिक बीमारियों में से आधी 14 साल की उम्र में शुरू हो जाती हैं। ऐसे मानसिक समस्या वाले बच्चे सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव, कलंक पढ़ाई में मुश्किल, जोखिम लेने का व्यवहार, शारीरिक बीमारी और मानवाधिकारों के उल्लंघन के शिकार होते हैं। व्यवहार संबंधी मानसिक विकार बड़े किशोरों की तुलना में छोटे किशोरों में ज़्यादा आम हैं। किशोरवयीन बच्चों में बीमारी और विकलांगता के मुख्य कारण डिप्रेशन, एंग्जायटी और बिहेवियरल डिसऑर्डर हैं। 15-29 साल के बच्चों में आत्महत्या मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार सुविधा न मिलने के कारण उनके बड़े होने पर उन्हें समाज, परिवार में योग्य स्थान प्राप्त नहीं मिल पाता, जिसके कारण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक संघर्षों का सामना करना पड़ता हैं।



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**काष्ठं कल्पतरुः सुमेरुरचलश्चिन्तामणिः प्रस्तारः, सूर्यस्तिव्रकरः शशि क्षयकरः खरो हिवारानदोनिः। कामो नष्टतनबलिर्दितिसुतो नित्यं पशुः कामगौः, नैतांस्ते तुल्यामि भो रघुपते ! कस्योपमा दीयते॥**

हे रघुपते ! इस संसार में ऐसा कुछ भी नहीं, जिससे आपकी उपमा दी जा सके। कल्पवृक्ष काष्ठ है, सुमेरु पर्वत है, चिन्तामणि पत्थर है, सूर्य की किरणें बहुत अधिक जलने वाली हैं, चन्द्रमा क्षयरोग से पीड़ित है, समुद्र खारे जल वाला है, कामदेव का शरीर ही नष्ट हो चुका है, बलि का सम्बन्ध दैत्यवंश से है और कामधेनु पशु है। इस प्रकार आपके समान अन्य कोई नहीं है। किससे आपकी उपमा दी जाये ?

✦✦✦

**यस्य स्नेहो भयं तस्य स्नेहो दुःखस्य भजनम्।**
**स्नेहमूलानि दुःखानि तानि त्यक्त्वा वसेत् सुखम् ॥**

जिसका जिसके प्रति स्नेह होता है, वह उसी के सुख-दुःख तथा उसी के रुष्ट-तुष्ट होने की चिन्ता करता है। जिस व्यक्ति का किसी के प्रति लगाव ही नहीं होता, उसे किसी के दुखी या सुखी होने से क्या लेना-देना ? इससे यह स्पष्ट होता है कि दुःख का मूल कारण स्नेह है। अतः बुद्धिमान् व्यक्ति को चाहिए कि वह स्नेह का परित्याग कर दे, ताकि वह निश्चिन्त होकर सुखपूर्वक जी सके ।

✦✦✦

**अनागतविधाता चप्रत्युत्पन्नमतिस्तथा।**
**द्वावेते सुखमेधेते यद्भविष्यो विनश्यति ॥**

संकट आने से पूर्व ही उसके निवारण का उपाय सोचने वाले व्यक्ति तथा संकट आने पर उसी समय, अर्थात् तुरन्त उससे बचने का उपाय करने वाले व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं, परन्तु जो व्यक्ति यह सोचता है कि जो होना है, वह होकर ही रहेगा, अतः बचाव की चेष्टा करना व्यर्थ है, ऐसा व्यक्ति सदा दुखी रहता है और नष्ट हो जाता है।

✦✦✦

## ।। अमृत कलश।।

### महानता का मंत्र

एक युवक ने आइंस्टीन से कहा, लोग आपको महान कहते हैं। दुनियाभर में आपकी प्रसिद्धि भी है। कृपा कर आप यह बताएं कि महान बनने का मंत्र कौन-सा है?

लगन। इतना-सा जबाव दिया आइंस्टीन ने।

कैसे ? उस युवक ने पूछा।

आइंस्टीन ने उसके प्रश्न का उत्तर मुस्कराते हुए दिया, गणित से मुझे बहुत भय लगता था। इस विषय में मैं अक्सर अनुत्तीर्ण हो जाया करता था। मेरे सहपाठी मेरा उपहास किया करते थे। एक दिन मैंने आत्ममंथन किया और गणित के सवाल हल करने लगा। धीरे-धीरे सभी सवाल सरलतापूर्वक हल होने लगे। इस तरह गणित के प्रति मेरी घबराहट सतत लगन के कारण खत्म हो गई। उस लगन का ही नतीजा है कि लोग मेरे सिद्धांतों को आज भी अमल में लाते हैं। इतना ही नहीं विज्ञान के क्षेत्र में भी मैंने सफलता अर्जित की। इस तरह लगन ही वह महान मंत्र है।

महानता के उस मंत्र को पाकर वह युवक आइंस्टीन का धन्यवाद ज्ञापित कर चला गया।



## काँव-काँव



✦✦✦

**शराब घोटाले के आरोपों से केजरीवाल दोषमुक्त**
होलिकादहन की कलियुगी कथा में बुआ कौन?

**तीन सौ ट्रेनों में अब अत्याधुनिक महिला बोगियां**
मुंबई में विदेशी महिला यात्री से हुई छेड़छाड़!

**आप नेताओं को फंसाने वाले अधिकारी की जांच**
पिंजड़े का तोता अपनी मर्ज़ी से नहीं बोलता!

**हमारे आदेशों का उल्लंघन संभव नहीं -सीजेआई**
शंकराचार्य पर पुलिस कार्रवाई भी असंभव थी!

**भारत इजरायल दोस्ती से सदमे में है पाकिस्तान**
इजरायल इज़ फादरलैंड से भाजपाई सदमे में!

**चीन में बढ़ गयी तानाशाही शासन की संभावना**
मतलब चीन में इस समय लोकतंत्र चल रहा है!

**एपस्टीन के अपराधों की जानकारी नहीं -हिलेरी**
दूध के धुले नेता अमेरिका में भी पाये जाते हैं!

**फर्जी जिलाधिकारी बनकर किसान से लाखों ठगे**
मतलब देश में सौ टका रामराज्य आया हुआ है!

✦✦✦

# कूटनीतिक चाल से ही खत्म होगी अमेरिकी दादागिरी



- निशिकांत ठाकुर

गीता के दूसरे अध्याय के अन्तिम श्लोक में कहा गया है कि %विषयों का चिंतन करने वाले पुरुष को उन विषयों में आसक्ति पैदा होती है, फिर आसक्तियों से कामना पैदा होती है और कामना से क्रोध पैदा होता है, क्रोध से मूढ़ता पैदा होती है, मूढ़ता से स्मृति लोप होता है और स्मृति लोप से बुद्धि नष्ट होती है। और, जिसकी बुद्धि नष्ट हो जाती है, उसका विनाश हो जाता है।% यह उद्धरण इसलिए, क्योंकि जब किसी के पास सारी शक्ति आ जाती है, तो फिर वह तानाशाह के रूप में काम करने लगता है। विश्व के कई देशों में ऐसा तो देखने को मिलता ही रहता है। यहां तक कि जब समाज में, किसी गांव या मोहल्ला-सोसाइटी में जो कोई धन–बल के माध्यम से तथाकथित ताकतवर हो जाता है, तो उसके बाद वह समय समय पर समाज के साथ साथ सामान्य लोगों के साथ भी व्यक्तिगत खुन्नस निकालता रहता है। ऐसा नहीं है कि अमेरिका, चीन आज शक्तिशाली देश बना है। अमेरिका तो वर्षों से आजाद रहा है और उसकी ताकत से विश्व परिचित है, लेकिन पिछले दिनों चीन ने जो प्रगति की है, उसने जो अपना विकास किया है, उससे भारत को सीख लेने की जरूरत है, ताकि इन ताकतवर राष्टों के सामने आंख में आंख डालकर बात कर सके? जब आजाद भारत और अमेरिका के कूटनीतिक संबंधों की शुरुआत हुई थी, तो दुनिया दो ध्रुवों, यानी सोवियत संघ और अमेरिका के बीच बंटी थी। लेकिन, आज की दुनिया बहुध्रुवीय है, जहां बहुत सी संप्रभु शक्तियां अपनी %ताकत% दिखा रही हैं । जब अक्टूबर 1949 में भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू, उस वक्त के अमेरिकी राष्टपति हैरी एस. ट्रूमन से मिले थे, तो दुनिया दूसरे विश्व युद्ध के दौर से उबरते हुए शीत युद्ध के लंबे युग में दाखिल हो रही थी। उस वक्त अमेरिका चाहता था कि भारत उसके खेमे में आ जाए; नेहरू ने इसका विरोध किया और गुटनिरपेक्ष आंदोलन के नाम से एक तीसरी ताकत खड़ी करने की कोशिश की। इसके बाद भारत और अमेरिका के रिश्ते बिगड़ गए। फिर अमेरिका ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए पाकिस्तान को एक हथियारबंद भौगोलिक क्षेत्र में तब्दील कर दिया। अमेरिका और भारत के ऐतिहासिक संबंध शीत युद्ध के दौर में अविश्वास और तनाव से शुरू होकर, आज एक मजबूत रणनीतिक और रक्षा साझेदारी में बदल चुका है। 1970-80 के दशक की खटास के बाद, 1991 के आर्थिक सुधारों और विशेष रूप से 2008 के नागरिक परमाणु समझौते के बाद संबंधों में अभूतपूर्व प्रगति हुई। दोनों देश रक्षा, व्यापार, तकनीक और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में गहरे सहयोगी बन गए। अब जो एक दूसरा गंभीर संकट देश पर आ गया है, उस पर भी सरकार को तत्काल कूटनीतिक कदम उठाने की जरूरत है। अमेरिका-भारत के बीच टैरिफ को लेकर उठापटक के बीच राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए नियमों को मंजूरी दे दी है। अब नौकरी करने के लिए अमेरिका जाना भारतीयों के लिए खासा कठिन हो गया है, क्योंकि अब एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर, यानी लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे। उस पर भी अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमान जारी कर दिया है कि एच-1बी वीजाधारकों को 24 घंटों के अंदरर वापस स्वदेश भी लौट जाना है। इस अमेरिकी तानाशाही के कारण लाखों भारतीयों को वापस भारत लौटना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में भारत क्या करे? यह तो बिल्कुल भारत-चीन वाली स्थिति हो गई, जिसके कारण हम 1962 में चीन से जंग हार चुके हैं। अब बारी अमरीका की है कि भारत इस टैरिफ और एच-1बी वीजा के संकट से कैसे उबरे। क्या हमारी दोस्ती केवल दिखावा थी अथवा हम अमेरिकी चाल को समझ नहीं सके! हमारे विदेश मंत्री खुद को विदेशी मामलों के विशेषज्ञ मानते रहे हैं या फिर कहिए कि ऐसा डंका पीटते रहे हैं, उसके बावजूद अमेरिका की ऐसी धूर्तता को नहीं समझ पाना, कुछ हजम नहीं होता? जो भी हो, यदि अमेरिका ने अपनी इन दोनों नीतियों को वापस नहीं लिया, तो फिर अमेरिका से एच-1बी वीजा धारकों को बैरंग स्वदेश वापस लौटना पड़ेगा। जब से टैरिफ बढ़ने की बात शुरू हुई है, अपने देश की कई कंपनियां भी बंद होने के कगार पर हैं। अब यदि दूसरा नियम एच-1बी वीजा भी लागू हो गया, तो यह बात कल्पना से बाहर हो जाएगी कि भारत में बेरोजगारी की दर क्या और कितनी हो जाएगी और रोजगार के कितने केंद्रों के दरवाजे बंद हो जाएंगे। हमें किसी न किसी तरह अमेरिकी नियमों का सामना कूटनीतिक काट से ही करना हैं, अन्यथा इस तरह के उद्योग भारत को स्वयं विकसित करने होंगे, ताकि ऐसे अनुभवी लोगों को देश में ही रहकर इसके विकास में योगदान देने का अवसर मिल सके। अभी पिछले कुछ दिनों की बात अमेरिका और भारत की बात करें तो यह स्पष्ट दिख जाएगा कि किस तरह वह भारत ही नहीं, विश्व के कई देशों के साथ अपनी ताकत के बल पर अपने ही कई नियमों को तोड़ रहे हैं। यहां तक कि वेनेजुएला के राष्टपति का अपहरण करके विश्व में अपनी ताकत का एहसास दिलाया है। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ को वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों अवैध करार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले में राष्टपति के पास अधिकार होने के दावा को खारिज कर दिया था। इस फैसले का वैश्विक आर्थिकी पर बड़ा असर पड़ सकता था। फैसले के बाद अमेरिका सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में तेजी देखी गई थी। बता दें कि ट्रंप टैरिफ से प्रभावित उद्योगों और बारह अमेरिकी राज्यों ने ट्रंप द्वारा इस कानून के इस्तेमाल को चुनौती दी थी।



लेकिन, यह क्या? अभी चौबीस घंटे भी नहीं बीते थे कि राष्टपति ट्रंप ने वैश्विक टैरिफ को बढ़ाकर पंद्रह प्रतिशत करने की घोषणा कर दी। दस प्रतिशत के वैश्विक शुल्क से भारतीय निर्यात के एक बड़े हिस्से को तात्कालिक राहत मिल सकती थी, लेकिन पंद्रह प्रतिशत किए जाने से कोई बड़ा बदलाव होता हुआ नहीं दिख रहा है। ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ कारोबारी मोर्चे पर सब यथावत रहेगा। दूसरी ओर, भारत ने भी कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अध्ययन कर रहा है। जो भी हो, अमेरिका प्रारंभ से ही भारत ही नहीं, विश्व के कुछ देशों को छोड़कर अपनी दादागीरी दिखाने से बाज नहीं आ रहा है। लेकिन, अब प्रश्न यह है कि आखिर विश्व में अमेरिका की यह दादागीरी कब तक चलेगी! ऐसे में एक बार फिर यह बात कही जा सकती है कि भारत ऐसा देश नहीं है कि वह इस दबाव के बाद परास्त हो जाएगा, पर यह सही है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान भी नहीं होता। अतः इसके निदान के लिए अपनी कूटनीति का ही सहारा लेना पड़ेगा। यह ठीक है कि सरकार के ऊपर कई तरह के दबाव बनाए जाएंगे, लेकिन सरकार में बैठे राजनेताओं की नजर हर तरफ होती है, यानी वे दूरदृष्टा होते हैं। अतः ऐसी स्थिति में जनता के हानि–लाभ को देखना उनकी जिम्मेदारी हो जाती है। राजनीतिज्ञ इस जिम्मेदारी का भलीभांति निर्वहन करेंगे, इसकी उम्मीद तो समाज को रहती ही है।

# खराब मावा से बनी मिठाई से बढ़ जाता है इन बीमारियों का जोखिम

होली रंगो का त्योहार है, लेकिन साथ ही इस त्योहार पर कई तरह की मिठाइयां भी खाने का चलन है। मगर अक्सर ही ऐसी खबरें देखने को मिलती हैं की बाजार में बिकने वाली मिठाईयां मिलावटी और खराब मावे से बनी हैं। बहुत से लोग अनजानें में ही इन मिठाइयों का सेवन करते हैं, जो इस खुशी के मौके को बीमारी में बदल सकती हैं।

त्योहारों के सीजन में मांग बढ़ने के कारण अक्सर मुनाफाखोर सिंथेटिक दूध, डिटर्जेंट और यूरिया जैसे खतरनाक रसायनों का इस्तेमाल करके नकली मावा तैयार करते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दूषित मावे का सेवन करना न सिर्फ पाचन तंत्र बिगड़ता है, बल्कि यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे लिवर और किडनी को भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

खराब मावे में हानिकारक बैक्टीरिया जैसे ई-कोलाई पनपने लगते हैं, जो फूड पॉइजनिंग का कारण बन सकते हैं। आइए इस लेख में इसी से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों के बारे में विस्तार से जानते हैं। मिलावटी मावा में किन केमिकल का इस्तेमाल होता है?



नकली मावे में सफेदी और झाग लाने के लिए डिटर्जेंट पाउडर और कास्टिक सोडा मिलाया जाता है।

वजन बढ़ाने और दूध को गाढ़ा दिखाने के लिए इसमें यूरिया और घटिया दर्जे का स्टार्च उपयोग होता है।

कई बार चिकनाई के लिए रिफाइंड तेल या जानवरों की चर्बी और खराब किस्म का ब्लॉटिंग पेपर भी पीसकर मिला दिया जाता है।

**किन बीमारियों का जोखिम बढ़ा देता है ये नकली मावा?**

इसके सेवन से गंभीर फूड पॉइजनिंग का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

लंबे समय तक इन रसायनों के शरीर में जाने से कैंसर और अल्सर जैसी जानलेवा बीमारियां पनपने लगती हैं।

दूषित मावे में मौजूद बैक्टीरिया के कारण टाइफाइड, पीलिया और आंतों का संक्रमण भी हो सकता है।

क्या मिलावटी मावा हमारे लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है?

जी हां यूरिया और डिटर्जेंट जैसे केमिकल सीधे किडनी के फिल्टरिंग सिस्टम को डैमेज कर सकते हैं।

इन टॉक्सिन्स को शरीर से बाहर निकालने के प्रयास में लिवर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे वह भी खराब हो सकता है।

अधिक रसायनों के कारण खून में टॉक्सिन्स बढ़ जाती है, जो पूरे शरीर के मेटाबॉलिज्म को बिगाड़ देती है।

किन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए?

मिठाई खाने के 2-6 घंटे के भीतर तेज मरोड़ के साथ पेट दर्द और लगातार उल्टी होना प्रमुख लक्षण है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) की वजह से चक्कर आना, धुंधला दिखना और ब्लड प्रेशर का गिरना।

अगर त्वचा पर अचानक लाल चकत्ते या खुजली शुरू हो, तो यह केमिकल रिएक्शन का संकेत हो सकता है।

सावधानी बरतने के लिए क्या करें?

हमेशा ताजी और प्रतिष्ठित दुकानों से ही मिठाई खरीदें। कोशिश करें की घर पर बना शुद्ध मावा ही उपयोग हो।

मावे की शुद्धता जांचने के लिए उस पर आयोडीन की बूंदें डालें, यदि वह नीला पड़े, तो समझें मिलावट है।

गहरे रंगों वाली और चांदी के वर्क वाली मिठाइयों से बचें क्योंकि उनमें लेड और भारी धातुएं हो सकती हैं।

# घर में मोर की मूर्ति लगाने से मिलेगी सौभाग्य और समृद्धि



वास्तु शास्त्र में मोर की मूर्ति को शुभ माना गया है। यह सौभाग्य, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होता है। घर में मोर की मूर्ति रखने से सुख-शांति बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। भगवान कार्तिकेय, जो भगवान शिव के पुत्र और युद्ध के देवता माने जाते हैं, उनका वाहन भी मोर है। इसलिए इसे शक्ति, ज्ञान और रक्षा का प्रतीक भी ाना जाता है। लेकिन, घर में मोर की मूर्ति रखने से पहले सही धातु और दिशा का चयन करना बेहद जरूरी है, ताकि इसका पूरा लाभ प्राप्त हो सके। आइए जानते हैं कि किस धातु की मोर की मूर्ति घर में रखनी चाहिए और उसे किस दिशा में स्थापित करना शुभ होता है। किस धातु की मोर की मूर्ति घर में रखनी चाहिए? वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में चांदी से बनी मोर की मूर्ति रखना सबसे शुभ होता है। यह घर में सकारात्मक ऊर्जा लाने के साथ-साथ पारिवारिक प्रेम और सौहार्द को बढ़ाने में मदद करती है। इसके अन्य लाभ इस प्रकार हैं

सकारात्मक ऊर्जा का संचार : चांदी का मोर घर के सदस्यों के बीच प्रेम और शांति बनाए रखता है।

**वास्तु दोषों का निवारण :** इसे रखने से घर के वास्तु दोष दूर होते हैं। **धन की वृद्धि-** आर्थिक संकट दूर करने और समृद्धि बढ़ाने में सहायक होता है। शादी में आ रही बाधा को दूर करता है : यदि किसी व्यक्ति की शादी में रुकावट आ रही हो, तो चांदी का मोर शुभ फल प्रदान करता है। **दांपत्य जीवन में खुशहाली :** पति-पत्नी के बेडरूम में मोर का जोड़ा रखने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है। अगर चांदी की मूर्ति उपलब्ध न हो, तो एल्युमिनियम से बनी मोर की मूर्ति भी रख सकते हैं। यह भी सकारात्मक प्रभाव प्रदान करती है। मोर की मूर्ति किस दिशा में रखें? मोर की मूर्ति को सही दिशा में रखने से इसका अधिकतम लाभ मिलता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, चांदी का मोर उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) दिशा में रखना सबसे शुभ माना जाता है। इसके अलावा, इसे दक्षिण-पूर्व दिशा में भी रखा जा सकता है। मूर्ति का स्वरूप कैसा हो? जब भी मोर की मूर्ति खरीदें, यह ध्यान रखें कि मोर नाचने की मुद्रा में हो। नाचता हुआ मोर घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनाए रखता है। अगर आप घर में मोर की मूर्ति रखने की सोच रहे हैं, तो चांदी या एल्युमिनियम से बनी मोर की मूर्ति उत्तर-पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें।

# डायबिटीज और तनाव में फायदेमंद है गोमुखासन अभ्यास का सही तरीका

योग स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली बनाए रखने का प्राकृतिक तरीका है। शरीर की जकड़न, कंधों और पीठ का दर्द आम समस्या है, जो अधिकतर लोगों को रहता है। इन स्वास्थ्य समस्याओं से राहत पाने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित गोमुखासन का अभ्यास करना चाहिए। गोमुखासन एक सरल लेकिन प्रभावशाली योगासन है, जो शरीर और मन दोनों के लिए फायदेमंद है। सही तकनीक और सावधानियों के साथ नियमित अभ्यास करने से आपको बेहतर लचीलापन, कम तनाव और मजबूत मांसपेशियां मिल सकती हैं। आइए जानते हैं गोमुखासन क्या है, इसे कैसे करें और किन बातों का ध्यान रखें।

**गोमुखासन क्या है?-** गोमुखासन दो शब्दों से मिलकर बना है, गो यानी गाय और मुख यानी चेहरा। इस आसन में शरीर की आकृति गाय के चेहरे जैसी दिखाई देती है, इसलिए इसे गोमुखासन कहा जाता है।

**गोमुखासन करने का सही तरीका-** दरी या योगा मैट पर सीधे बैठ जाएं और पैरों को सामने फैलाएं।, अब दाएं पैर को मोड़कर बाएं कूल्हे के नीचे रखें।, बाएं पैर को मोड़कर दाएं घुटने के ऊपर रखें, ताकि दोनों घुटने एक-दूसरे के ऊपर दिखें।, दायां हाथ ऊपर उठाएं और कोहनी मोड़कर पीठ के पीछे ले जाएं।, बायां हाथ पीछे से ऊपर की ओर ले जाकर दोनों हाथों की उंगलियां आपस में पकड़ें।, पीठ सीधी रखें और 20-30 सेकंड तक सामान्य श्वास लेते रहें।, धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में लौटें और दूसरी ओर से दोहराएं।

**गोमुखासन के फायदे –** कंधों और पीठ के दर्द में राहत- यह आसन कंधों की जकड़न दूर करता है और सर्वाइकल या पीठ दर्द में आराम देता है। छाती और फेफड़ों को मजबूत बनाता है- छाती खुलने से सांस लेने की क्षमता बेहतर होती है। डायबिटीज में सहायक-नियमित अभ्यास पैंक्रियाज को सक्रिय करने में मदद कर सकता है। तनाव और चिंता कम करता है- यह आसन मन को शांत कर मानसिक तनाव घटाने में मदद करता है।

# रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए याद रखें ये बातें

रिश्ता बागीचे की तरह होता है, जिसे खिलने के लिए देखभाल, ध्यान और पोषण की जरूरत होती है। चाहे आप रोमांस के शुरुआती दौर में हों या दशकों से साथ रह रहे हों, कुछ बुनियादी नियम आपक रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। बिना ये समझे कि वह रिश्ते में क्या चाहते हैं या उनका साथी क्या उम्मीद कर रहा है, वह रिश्ते में जल्दबाजी करते हैं। अपने संबंध को घनिष्ठ बनाने के लिए नियमों को पालन जरूरी है। किसी भी रिश्ते में कुछ नियम ऐसे नुस्खे की तरह हैं जिनका पालन आपके बीच के संघर्ष को कम कर सकता है। आमतौर पर कई रिश्ते शुरुआती उत्साह के बाद बदलाव का अनुभव करते हैं लेकिन अगर उनके रिश्ते में स्पष्टता और मजबूत प्रतिबद्धता हो तो वह गहरे और अधिक संतोषजनक संबंध को विकसित कर सकते हैं। यहां 10 नियम दिए गए हैं जिन्हें हर कपल को स्वस्थ, स्थायी रिश्ता बनाए रखने के लिए ध्यान में रखना चाहिए।

**मजबूत रिश्ते के लिए 10 नियम**

**1. ईमानदारी रखें**

अपने साथी से कुछ भी न छुपाएं, सच बोलें और पारदर्शी रहें। रिश्ते में इमानदारी और सच्चाई का होना बेहद अहम होता है। यह रिश्ते को लंबे समय तक मजबूत बनाने के लिए जरूरी है।

**2. सम्मान दें-** एक-दूसरे की भावनाओं, विचारों और फैसलों का आदर करें। अपने रिश्ते में आप दोनों समान स्थिति में हैं। पार्टनर से खुद को ऊपर न रखें कि आपको ज्यादा ज्ञान है, आप ज्यादा समझदार हैं या आप ज्यादा कमाते हैं।

**3. संवाद करें-** एक दूसरे से खुलकर बात करें, गलतफहमियों को बढ़ने न दें। जब हेल्दी संवाद की कमी होती है तो रिश्ते में गलतफहमियां और अविश्वास की भावना बढ़ती है। इसलिए खुलकर अपने दिल की बात शेयर करें।

**4. समय दें-** अपने रिश्ते को समय देना जरूरी है, साथ में क्वालिटी टाइम बिताएं।

# घर पर बनाए पनीर ठेचा और स्वाद का लें मजा, जाने तरीका

पनीर ठेचा एक बहुत ही स्वादिष्ट और हेल्दी डिश है, जो पारंपरिक महाराष्ट्रीयन ठेचा से प्रेरित है। यह रेसिपी बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा की पसंदीदा है और ये डिश उनके घर हर हफ्ते बनती है। पनीर ठेचा का चटपटा स्वाद आपको जरूर पसंद आएगा, और यह आपके खाने का स्वाद बढ़ा देगा। आप इसे स्टार्टर, भाकरी, या चावल के साथ भी खा सकते हैं। इस रेसिपी को बनाने के लिए ज्यादा सामग्री की आवश्यकता नहीं होती, और इसे बनाना बेहद आसान है। अगर आपको भी पनीर ठेचा का स्वाद पसंद है, तो इसे एक बार जरूर ट्राई करें। चलिए जानते हैं

## पनीर ठेचा बनाने के लिए सामग्री-

मूंगफली का तेल - 2 बड़े चम्मच (या सिंगदाने का तेल)
ताजी हरी मिर्च - 8-10 (आधा कटा हुआ)
लहसुन - 6-8 कलियाँ
मूंगफली के दाने - 3 बड़े चम्मच
धनिया के बीज - ½ छोटा चम्मच
जीरा - ½ छोटा चम्मच
धनिया पत्ती - मुट्ठी भर (कटी हुई)
नमक - स्वाद अनुसार



**इसे बनाने की विधि-**

**पनीर ठेचा बनाने की रेसिपी**

1. सबसे पहले पनीर को छोटे टुकड़ों में काट लें और उन्हें एक बाउल में रख लें। पनीर को छोटे टुकड़ों में काटने से यह ठेचा में अच्छे से घुल-मिल जाएगा और इसका स्वाद बढ़ जाएगा।

2. एक पैन में मूंगफली का तेल डालें और उसे गर्म करें। अब उसमें कटी हुई हरी मिर्च और लहसुन डालकर तेज आंच पर एक मिनट तक भूनें। इसके बाद, पैन में मूंगफली के दाने, जीरा और धनिया के बीज डालकर अच्छे से भूनें। आपको इन सभी मसालों को तब तक भूनना है जब तक उनकी खुशबू न आने लगे। फिर उसमें हरा धनिया और नमक डालकर सबको अच्छे से मिला लें। अब आंच बंद कर दें और पैन को अलग रख लें।

3. अब इस मिश्रण को एक फूड प्रोसेसर में डालें और इसे दरदरा पीस लें। अगर आपके पास फूड प्रोसेसर नहीं है, तो आप इसे अच्छे से मसल भी सकते हैं। यह पेस्ट तैयार होने के बाद, उसे पनीर के टुकड़ों पर अच्छे से लगाएं। इस पेस्ट को पनीर के टुकड़ों पर अच्छे से फैलाएं ताकि पनीर में मसालों का स्वाद अच्छे से समा जाए।

4. अब गैस पर कढ़ाई रखें और उसमें थोड़ा तेल डालकर अच्छे से ग्रीस करें। कढ़ाई में पनीर के टुकड़े डालें और दोनों तरफ से अच्छे से भूनें। पनीर को तब तक भूनें जब तक वह दोनों तरफ से सुनहरे रंग का न हो जाए। पनीर के टुकड़ों को एक प्लेट में निकाल लें। भूनने के बाद पनीर पर ताजे नींबू का रस डालें। अब पनीर ठेचा तैयार है। आप इसे गरम-गरम सर्व करें। यह बहुत ही स्वादिष्ट और चटपटा होगा। आप इसे भाकरी, रोटी, पराठे या चावल के साथ खा सकते हैं। इस रेसिपी को घर पर बनाकर आप भी मलाइका अरोड़ा की तरह इसे एन्जॉय कर सकते हैं।

# प्राकृतिक रंगों से खेलें होली, घर पर आसानी से बनाएं हर्बल गुलाल



होली रंग, मस्ती और उल्लास का पर्व है लेकिन अगर सही तरीके से इस पर्व को न मनाया जाए तो यह स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा सकता है। बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त रंग त्वचा और बालों के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे में प्राकृतिक हर्बल गुलाल का उपयोग करना एक सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है। बाजार के हर्बल रंगों पर भरोसा नहीं है तो घर पर ही प्राकृतिक तरीके से गुलाल तैयार करें। इससे न केवल आपकी त्वचा सुरक्षित रहेगी, बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। इस बार होली पर आप घर पर ही प्राकृतिक गुलाल तैयार कर सकते हैं। यहां होली के लिए हर्बल रंग घर पर बनाने के आसान तरीके बताए जा रहे हैं। घर पर हर्बल गुलाल बनाने के तरीके गुलाबी और लाल गुलाल- चुकंदर से लाल या गुलाबी रंग का गुलाब बना सकते हैं। सामग्री में 2-3 चुकंदर के अलावा कॉर्नस्टार्च या चावल का आटा चाहिए। रंग बनाने के लिए चुकंदर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर पानी में उबाल लें। जब पानी गहरा लाल हो जाए तो इसे ठंडा कर लें और फिर इसमें कॉर्नस्टार्च मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को धूप में सुखाकर मिक्सी में पीस लें। गुलाल तैयार है। **पीला गुलाल**-दो-तीन बड़े चम्मच हल्दी और एक कप बेसन से पीले रंग का आर्गेनिक गुलाल बना सकते हैं। अगर बेसन चेहरे को सूट न करता हो तो चावल का आटा भी उपयोग में ला सकते हैं। इसे बनाने के लिए हल्दी को बेसन या आटे में अच्छी तरह मिलाकर छलनी से छान लें ताकि गुलाल एकदम महीन बने। अगर गीला रंग बनाना हो तो हल्दी को पानी में घोलकर प्रयोग करें। **हरा गुलाल-** होली के लिए हरा रंग तैयार करना हो तो सामग्री में एक कप सूखी मेहंदी की पत्तियां और एक कप पालक पाउडर या सूखे पालक के पत्ते रखें। गुलाल बनाने के लिए मेहंदी और पालक पाउडर के सूखे पत्तों को मिक्स करके महीन पाउडर बना लें। अगर रंग गीला चाहिए तो पालक को उबालकर उसका रस इस्तेमाल करें।

# होली से पहले ऐसे रखें बालों का ध्यान



होली का त्योहार कुछ दिन में आने वाला है। ऐसे में इसकी धूम बाजारों से लेकर घरों तक में दिखाई दे रही है। लोगों ने होली की तैयारियों शुरू कर दी हैं। मेहमानों के स्वागत की तैयारी तो अपने शुरू कर दी है, पर क्या आपने अभी तक अपने बालों को होली पर सुरक्षित रखने की तैयारी शुरू की है ? अगर नहीं तो ये लेख आपके लिए है। अभी होली में कुछ दिन बाकी हैं, तो ऐसे में अपने बालों को खासतौर पर तैयार करें, ताकि आपके बाल होली पर पक्के रंगों से सुरक्षित रहें। यहां हम आपको बताएंगे कि किन बातों का ध्यान रखकर आप अपने बालों को होली पर सुरक्षित रख सकती हैं। इसके लिए आपको अभी से हेयर केयर शुरू कर देनी चाहिए।

**होली पर ऐसे करें बालों का ध्यान**

**मसाज करें –**

होली से कुछ हफ्ते पहले से ही नारियल, बादाम, या अरंडी के तेल से स्कैल्प की मसाज करें। यह बालों को मजबूत बनाएगा और रंगों से होने वाले नुकसान को कम करेगा। इससे बालों में एक लेयर भी बन जाएगी, जिसकी वजह से पक्के रंग का असर बालों पर कम चढ़ेगा।

**डीप कंडिशनिंग करें**

अभी होली में दो हफ्तों का समय है। ऐसे में हर हफ्ते एक बार बालों को डीप कंडीशनिंग दें ताकि वे रूखे और बेजान न हों। डीप कंडिशनिंग के लिए आप घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करें। कंडीशनर का इस्तेमाल करने से दूर बिल्कुल भी न रहें। हफ्ते में तीन बार बालों में कंडीशनर लगाएं।

**केमिकल प्रोडक्ट से बचें**

होली पर पक्के रंग वैसे भी बालों पर खराब असर डालनी है। ऐसे में अभी से केमिकल प्रोडक्ट से थोड़ी दूरी बना लें। खासतौर पर होली के दौरान हेयर कलरिंग, स्ट्रेटनिंग, या किसी भी अन्य केमिकल ट्रीटमेंट से बचें ताकि बाल कमजोर न हों।

**होली के दिन क्या करें?**

**करें तेल मालिश**

होली से पहले बालों की केयर तो ऊपर बता दी है, अब जान लें कि दौरान क्या करें। होली खेलने से ठीक पहले बालों और स्कैल्प पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं। यह एक सुरक्षा परत बनाएगा और रंगों को स्कैल्प में गहराई से जाने से रोकेगा।

**बालों को खुला न छोड़ें**

बालों को चोटी या जूड़ा बनाकर रखें, ताकि वे कम उलझें और रंग कम लगें। चाहें तो सिर पर हल्का स्कार्फ या दुपट्टा बांधें ताकि बालों पर रंगों का सीधा असर न हो।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 1 मार्च, 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शिशिर ॠतौ फल्गुन मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, त्रयोदशी तिथौ रवि वासरे 08/34/ पुष्य नक्षत्रे 02/34/ शोभन योग 13/09/ कौलव करणे 07/56/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-**

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**कर्क :** आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्को में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# ईश्वरीय भक्ति - प्रेम का गायन है रसिया



**-डॉ. आशा रस्तोगी**

रसिया ब्रज की प्राचीनतम गायकी है। भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रस्तुतीकरण रासलीला तथा रसिया गायन के माध्यम से किया जाता है। प्रसिद्ध त्योहार होली ब्रज में बिना रसिया गीतों के अधूरा सा लगता है। होली पर कई प्रसिद्ध रसिया गीतों की रचना हुई है।

भारत में वसंत ॠतु का बड़ा ही महत्त्व है। मानवीय प्रेम के प्रतीक वसंत पंचमी और होली आदि के प्रसिद्ध उत्सव इसी ॠतु में मनाये जाते हैं। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का संगीतमय वर्णन इस समय किये जाने की परंपरा रही है। इसी परंपरा का एक प्राचीन प्रतीक है-रसिया गायन। रसिया मुख्य रूप से ब्रज भाषा में गाया जाता है। ब्रज भाषा हिंदी के जन्म से पहले 500 वर्षों तक उत्तर भारत की प्रमुख भाषा रही है। रसिया राधा और कृष्ण को नायक-नायिका के रूप में चित्रित करते हुए ईश्वरीय भक्ति-प्रेम का गायन है।

एक अच्छे रसिया गीत में श्रृंगार और भक्ति रस का गजब का सम्मिश्रण होता है जो प्रेम को ईश्वर तक ले जाता है। सिया गायन सरल सहज शब्दों में प्रेम का संदेश देता है। रसिया ब्रज की धरोहर है, जिसमें नायक ब्रजराज कृष्ण और नायिका ब्रजेश्वरी राधा को लेकर हृदय के अंतरतम के तार छेड़े जाते हैं। ग्राम की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोक वाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। प्राकृतिक रंगों की रंग वर्षा से केवल तन रंगीन होता है पर अपने स्व सेव्य ठाकुरजी के श्री चरणारविंद में अनन्यता, दृढ़ता, विश्वास, आदर, संवेदना, भक्ति और सर्वस्य समर्पण रूपी रंगों से तो मन और आत्मा का कल्याण होता है। समग्र जीवन भक्ति रूपी रंग से आच्छादित हो जाता है।

श्री ठाकुर जीके रंग से अधिक दूसरा रंग कौन सा हो सकता है। जिसने इस रंग को पा लिया वह मानो धन्य ओर ईश्वर की पुष्टि के शाश्वत रंगों से रंगीन हो गया। रसिया के कुछ अलग अलग रूप देखने को मिलते हैं जैसे-

1) धार्मिक रसिया-ये गीत राधा कृष्ण के प्रेम प्रसंगों को दर्शाते हैं।
2) धर्म निरपेक्ष रसिया-इन गीतों की रचना नारीवादी दृष्टिकोण से की जाती हैं।

इनमें कामुक भाषा का प्रयोग होता है। धर्मनिरपेक्ष रसियों में पुरुष प्रेमी को कृष्ण के ही रूप में समझा जा सकता है चाहे गीतों में भगवान श्रीकृष्ण का उल्लेख हो या न हो। इनमें अधिकतर आधुनिक तत्वों का संदर्भ मिलता है जबकि धार्मिक रसियों में ऐसा नहीं होता है। इसके अतिरिक्त रसिया के अन्य रूप उप शैली के रूप में देखने को मिलते हैं जैसे- लंगुरिया रसिया, हाथरसी रसिया, रसिया अखाड़ा आदि। किंतु ब्रज की रसिया का अलग ही महत्त्व है जिसे गाकर हमें आत्मिक शाश्वत आनंद की अनुभूति होती है। होली का त्योहार आते ही ब्रज की प्रसिद्ध रसिया-

आज बिरज में होरी रेरसिया को गाने और उन रंगों में सराबोर होने का मन चाहता है।

रसिया में निहित भाव भावना को समझना हर एक के बस की बात नहीं होती है। रसिया में वो लीलाएं छिपी होती है, जो ब्रज के अलावा हर कहीं न सुनने को मिलती हैं न उसे कोई समझ पाता है। रसिया को बार बार सुनें, आनंद से समझने की कोशिश करें तब प्रभु क्या लीला कर रहे हैं, यह भाव समझ में आता है। प्रभु श्रीकृष्ण तो स्वयं रसिया है और उनकी लीला को वही समझ पाते हैं जिनकी उन पर कृपा होती है। अर्थात कृपापात्र रसिक ही समझ पाते हैं।

# मधुबन-दुबारी मार्ग पर तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, चार गंभीर



**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन-दुबारी मार्ग पर खरगीपुर के पास शुक्रवार देर रात करीब 11:30 बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया जाता है कि कार में सवार सभी लोग दुबारी में आयोजित एक बहुभोज कार्यक्रम से लौट रहे थे। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव सिंह के अनुसार एक की मौत हुई है, जबकि चारों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## द किसान सहकारी चीनी मिल घोसी के संकट के खिलाफ 'धिक्कार रैली' 2 मार्च को

**स्वतंत्र भारत मऊ।** द किसान सहकारी चीनी मिल घोसी की वर्तमान संकटपूर्ण स्थिति को लेकर किसानों और स्थानीय जनता में गहरी चिंता व्याप्त है। मिल के विरुद्ध कथित रूप से रचे जा रहे षड्यंत्रों और इसे बंद कराने की साजिशों के विरोध में 2 मार्च 2026 दिन सोमवार को 'धिक्कार रैली' आयोजित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसी क्रम में भाजपा नेता लालचन्द चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रैली एवं जनसभा की अनुमति मांगी। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित रैली का उद्देश्य मिल बंद कराने में संलिप्त अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करना तथा किसानों और आम जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराना है।भाजपा नेता लालचन्द चौहान ने बताया कि यदि समय रहते इस मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र के हजारों किसानों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रैली पूरी तरह शांतिपूर्ण होगी और इसमें कानून-व्यवस्था बनाए रखने का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# पंचायत निर्वाचन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट बीएलओ सम्मानित



**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2026 के अंतर्गत पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने बीएलओ एप के माध्यम से सराहनीय कार्य करने वाले सर्वोच्च 08 बीएलओ को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र एवं डायरी-पेन देकर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनकी सक्रियता, मेहनत और जिम्मेदारी से निर्वाचन प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनती है। उन्होंने सभी चयनित कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रविश मौर्या को 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान पर विजय कुमार यादव को 8,000 रुपये तथा तृतीय स्थान पर विमलेश कुमार विश्वकर्मा को 6,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वहीं सांत्वना पुरस्कार के रूप में शैलेन्द्र कुमार भास्कर, रामबहादुर यादव, सत्यव्रत सिंह, गौरव कुमार वास्तव एवं रामबचन यादव को 3,000-3,000 रुपये की राशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानन्द झा तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील सभागार घोसी में विदाई एवं सम्मान समारोह संपन्न



**स्वतंत्र भारत मऊ।** तहसील सभागार में विदाई एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अधिकारियों के उल्लेखनीय सेवाकाल एवं योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रामेन्द्र पाण्डेय (से0नि0 राजस्व निरीक्षक) एवं श्री रामपाल सिंह (से0नि0 लेखपाल) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेश कुमार अग्रवाल (उप जिलाधिकारी, घोसी-मऊ) तथा डा. धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय (तहसीलदार, घोसी-मऊ) की गरिमामयी उपस्थिति रही। संघ पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।अपने संबोधन में एसडीएम राजेश कुमार अग्रवाल ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। तहसीलदार डा. धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है। कार्यक्रम का समापन आभार ज्ञापन के साथ हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल ने की, जबकि संचालन लेखपाल मंडलीय खंड मंत्री जय प्रकाश यादव ने किया।इस अवसर पर जितेंद्र सिंह (क्षेत्राधिकारी), प्रमेंद्र सिंह (प्रभारी निरीक्षक), मुन्ना गुप्ता (घोसी नगर पंचायत चेयरमैन), शिव प्रकाश (अध्यक्ष, तहसील बार एसोसिएशन घोसी), जयहिंद सिंह (महामंत्री), वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर उपाध्याय, सतीश पाण्डेय, अनिल मिश्र, नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा, कानूनगो मतीन खान, राजेश राम, लेखपाल संघ के अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय, मंत्री सौरभ राय, विवेक सिंह, आशीष यादव सहित बड़ी संख्या में राजस्वकर्मी, कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### बिजली बिल के मुद्दे पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, एक्सईएन मऊ को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्रभारत मऊ।** बढ़ते बिजली बिलों एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर शुक्रवार, 28 फरवरी को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजमंगल यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) मऊ को ज्ञापन सौंपकर त्रुटिपूर्ण बिलों में सुधार और उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि गलत मीटर रीडिंग व बढ़ी दरों के कारण आम जनता परेशान है। जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान न होने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर विष्णु प्रकाश कुशवाहा, ब्रह्मानंद पांडेय, रवि खंडेलवाल, हंसनाथ तिवारी, संजय चौहान, रमन पांडेय, अनिल कुमार, अरविंद यादव, रामकर, आरती प्रजापति सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पहाड़ीपुर में मुर्गों से भरी पिकअप का स्टीयरिंग फेल, लाखों का नुकसान

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन तहसील क्षेत्र के पहाड़ीपुर में शुक्रवार को मुर्गों से लदी एक पिकअप का स्टेरिंग फेल हो जाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से जा टकराया। हादसे में पिकअप में लदे अधिकांश मुर्गों की मौत हो गई, जिससे वाहन स्वामी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। चालक के अनुसार पिकअप में लगभग दो लाख रुपये से अधिक कीमत के मुर्गे लदे थे। वाहन आजमगढ़ से बिहार के सीवान की ओर जा रहा था। पहाड़ीपुर के पास अचानक स्टेरिंग फेल हो गया, जिसके बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पिकअप पुलिया से टकरा गई।हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। गनीमत रही कि चालक को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### तीन लोगों को सियार ने काटा

**स्वतंत्र भारत मऊ।**मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोटिया में शनिवार प्रातः गांव के तीन लोग खुले में शौच करके वापस आ रहे थे कि कि रास्ते में इन तीनों को सियार ने काट लिया जानकारी के अनुसार विरेंस पत्नी स्वर्गीय सहदेव उम्र 65 वर्ष गुलाब पत्नी त्रिलोकी यादव उम्र 60 वर्ष एवं लाल सीपत्नी मुखराम 55 वर्ष जो सुबह घर से बाहर निकली एवं कुछ बाथरूम एवं कुछ टहलने के लिए जा रही थी की इसी बीच सियार ने इन तीनों पर हमला कर दिया बाद में परिजन को जानकारी मिलते ही परिजन इन तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले गए

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना स्थित संत गणिनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का समापन शनिवार को संपन्न हुआ। समापन दिवस पर स्वयंसेवकों ने प्रातः सूर्य नमस्कार, प्रार्थना, साफ-सफाई एवं श्रमदान किया तथा प्राचार्य के हाथों अशोक का पौधा रोपित कर शिविर की स्मृति को संजोया।बौद्धिक सत्र में डॉ. अविनाश यादव ने भौतिकी और समाज के संबंधों पर व्याख्यान दिया। समापन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रहलाद राम एवं मुख्य शास्ता डॉ. राकेश कुमार ने की। प्राचार्य ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिविरार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों के उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा अंत में डॉ. बालमुकुंद यादव ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

### मऊ-कायाकल्प एवं एनक्यूएएस सम्मान समारोह सम्पन्न

**स्वतंत्रभारत मऊ।** नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में कायाकल्प एवं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने स्वागत करते हुए बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015 में कायाकल्प कार्यक्रम तथा 2017 में एनक्यूएएस की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य इकाइयों की स्वच्छता व गुणवत्ता में सुधार करना है।कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधीक्षक, सीएचओ, एएनएम, बीपीएम सहित अन्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। जनपद मऊ में 76 आयुष्मान आरोग्य मंदिर व 7 सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड तथा 27 इकाइयों को एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। अंत में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वकील अली ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### श्रीअन्न स्वास्थ्य के नजरिए से बीमारियो से लडने में सहायक

**स्वतंत्रभारत मऊ।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ÷उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम÷ के तहत शहरों, कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन के माध्यम से श्रीअन्न (बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सावा आदि) के प्रचार-प्रसार का अभियान चलाया जा रहा है। एलईडी वैन के जरिए सार्वजनिक स्थलों पर लघु फिल्म, गीत व डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित कर लोगों को श्रीअन्न के पोषण लाभ और खेती की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। श्रीअन्न को 'सुपर फूड' माना जाता है, जो कैल्शियम, आयरन व फाइबर से भरपूर है तथा कम पानी में विपरीत परिस्थितियों में भी उगाया जा सकता है।कृषि विभाग द्वारा मिलेट्स बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण, प्रसंस्करण इकाइयों व मिलेट्स स्टोर पर अनुदान, मोबाइल आउटलेट सहायता एवं प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। जनपद मऊ में तीन स्थानों पर एलईडी वाहन के माध्यम से कार्यक्रम संचालित किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## सरैया के गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की हुई स्थापना

**धर्मापुर जौनपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के सरैया गांव स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना के उपलक्ष्य में शुक्रवार की देर शाम एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत बीते 26 फरवरी को विधि-विधान के साथ शिवलिंग की स्थापना से हुई थी। स्थापना के दौरान नर्मदेश्वर शिवलिंग के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने पूरे गांव का भ्रमण दो किलोमीटर तक किया, जिससे पूरा क्षेत्र %जय भोलेनाथ% के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इसी क्रम में शुक्रवार शाम को आयोजित भंडारे में भारी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और महादेव का आशीर्वाद लिया। इस पुनीत कार्य को संपन्न कराने में कैलाश नाथ दूबे, विवेक चौबे, मिथिलेश उपाध्याय, महंत श्री राज कुमार दास, जय प्रकाश शुक्ल, मिथिलेश उपाध्याय, मनीष राय, शैलेश तिवारी, दीपक तिवारी, सर्वेश राय, आकाश तिवारी समेत तमाम ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## गाजीपुर का मान बढ़ाएंगी अमृता राय, विधानसभा में देंगी भाषण

**स्वतन्त्र भारत मोहमम्मदबाद।** मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय थाना कोतवाली अंतर्गत शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय की छात्रा अमृता राय राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। दिनांक 28 फरवरी 2026 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाज़ीपुर में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में अमृता राय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। अमृता राय ने अपने तार्किक, प्रभावशाली एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण भाषण के माध्यम से निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। उनके सशक्त प्रस्तुतीकरण ने न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया।

# खसरा रुबेला एक संक्रामक रोग, बचाव हेतु एमआर टीकाकरण ज़रुरी : मो. मुस्तफा



**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा खसरा रुबेला टीकाकरण शिविर एडाप्टेड स्कूल प्राथमिक विद्यालय राजेपुर वि.ख. सोधी पर आयोजित किया गया। जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगभग सौ से अधिक बच्चों को टीके लगाकर प्रतिरक्षित किया। इस अवसर पर डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि खसरा रूबेला का टीका एक बहुत सुरक्षित टीका है। टीका के जरिये खसरा रूबेला रोग से सुरक्षा प्रदान की जा रही है। खसरा एक जानलेवा और संक्रामक रोग है जो वायरस से फैलता है, व बच्चों में असमय मृत्यु या विकलांगता का एक मुख्य कारण है। इसलिए इस गम्भीर बीमारी से सुरक्षित रहने के लिए बच्चों को टीका लगवाना बहुत ज़रुरी है। संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान में सहयोग करते हुए लायन्स क्लब द्वारा खसरा और रूबेला टीकाकरण कराने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए बैनर पोस्टर व अन्य माध्यमों से निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष अजय आनन्द ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि हर बच्चा एमआर वैक्सीन से सुरक्षित हो जाए, ताकि कोई भी बच्चा खसरा या रूबेला जैसी जानलेवा बीमारियों का शिकार न हो। खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को एक साथ चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभाकर उपाध्याय, राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य विभाग से सुनीता मौर्य, गीता देवी, राधेश्याम मिश्रा, शकुन्तला देवी, प्रियंका सिंह, योगेश साहू, रंजीत सिंह, बीना चन्द्रकला आदि उपस्थित रहे।

## इंटर परीक्षा में सामूहिक नकल मामले में 8 दोषी करार

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** 11 साल पुराने सामूहिक नकल मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. केपी सिंह की अदालत ने आठ को दोषी मानते हुए प्रत्येक को चार-चार माह की सजा और दो-दो हजार रुपये जुर्माना लगाया।मामला 17 मार्च 2015 को कोपागंज के कृषक इंटर कॉलेज संतपुर गोड़सरा में इंटर की दूसरी पाली में अंग्रेजी प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा में तत्कालीन जिलाधिकारी और डीआईओएस ने छापा मारा। जांच में सामूहिक नकल और अनुचित साधनों के प्रयोग का खुलासा हुआ। 11 मार्च 2015 को तत्कालीन डीआईओएस बृजेश कुमार की तहरीर पर 22 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। सुनवाई के दौरान आठ आरोपियों की फाइल अलग कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी हरेंद्र सिंह ने अदालत में साक्ष्य और दलीलें पेश कीं। सीजेएम ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कमलेश कुमार यादव, राम प्रवेश यादव, उदय नारायण यादव, वीरेंद्र चौहान, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अंगद वर्मा, कृष्णानंद मौर्य और रविंद्र नाथ को दोषी करार दिया और सजा सुनाई।

# सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन समारोह

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** दीवानी परिसर में सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को होली मिलन समारोह बार सभागार में आयोजन किया गया। न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ शुक्रवार को जमकर होली का जश्न मनाया गया. एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर तथा गले मिलकर होली का पर्व मनाया. साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया।बार सभागार में रंगों के पर्व पर होली खेलने का कार्यक्रम आयोजित किया गया. शुक्रवार को न्यायालय का अंतिम कार्य दिवस रहा।न्यायालय में सोमवार से बुधवार तक चार दिन तक अवकाश रहेगा।आगामी गुरुवार यानि 5 मार्च को न्यायालय खुलेगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुसार होली रंगों के साथ हर्षोल्लास का पर्व है। इसे वसन्तोत्सव भी कहा जाता है।यह आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द का अनूठा पर्व है. इस दिन सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर अपनी खुशियां साझा करते हैं। सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि यादगार पल है बार और बेंच एक साथ होली मिलन समारोह मनाये जाने पर जिला जज को हार्दिक बधाई ।दी कार्यक्रम में जिला अपर सत्र न्यायाधीश बाकर शमीम रिजवी, पीठासीन अधिकारी (एमसीएटी) चंद्रगुप्त, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय निरंजन चंद्र पाण्डेय स्पेशल जज पॉक्सो जनार्दन प्रसाद यादव, सीजेएम डॉ के पी सिंह, सिविल जज सीडी नशेहा वसीम,एसीजेएम सिद्धार्थ चतुर्वेदी सिविल जज (सी/डी) एफटीसी अरुणांजलि सिंह मुंसिफ सदर प्रियंका शर्मा, जेएम प्रियंका आजाद, मुंसिफ मुहम्मदाबाद गोहना अक्षिता सिंह,मुंसिफ एफटीसी स्तुति सोनकर,अपर .मुंसिफ कोर्ट नंबर 2 ममता यादव, जेएम महिला एफटीसी काजल श्रीवास्तव, बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मीकांत यादव,मान सिंह यादव, पवन कुमार तिवारी, हरिशंकर पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मेले में टाटा, हिन्डालको सहित कुल 60 बहुप्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई सिद्धिकपुर के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव तथा एमएलसी बृजेश सिंह 'प्रिंसू' द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं फीता काटकर किया गया। रोजगार मेले में आए सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। राज्य मंत्री ने रोजगार मेले में आए युवाओं का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि शासन द्वारा पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरी दी जा रही है। वृहद रोजगार मेले में स्किल एवं नॉन-स्किल सहित अन्य डिग्री धारकों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मेले में टाटा, हिन्डालको सहित कुल 60 बहुप्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके हुनर के अनुसार कार्य मिले, इसके लिए शासन दृढ़ संकल्पित है। शासन द्वारा पारदर्शी तरीके से नौकरियाँ दी जा रही हैं। आगे भी बड़े स्तर पर रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। सभी युवाओं से अपील की गई कि वे शासन की योजनाओं से जुड़ें तथा अभ्युदय कोचिंग का लाभ लें। इसी कोचिंग के माध्यम से चयनित हुए अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ दी गई तथा जो चयनित नहीं हो सके, उन्हें भविष्य में आयोजित होने वाले मेलों में पुनः सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया गया। राज्यमंत्री के द्वारा राजीव कुमार, शैफ, मंजीत कुमार, लैश कुमार, वैभव यादव, आकाश, मनीष, प्रिया यादव, काजल यादव, रत्नेश कुमार ,विपिन सिंह को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मा0 एम0एल0सी बृजेश सिंह 'प्रिंसू' ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से योग्य युवाओं को अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने वृहद रोजगार मेले के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को उनके कौशल और योग्यता के अनुरूप

# आगामी पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** आगामी रमजान और होली के मद्देनज़र स्थानीय कोतवाली परिसर में शुक्रवार शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए दोनों त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा। कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण अंचल के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और एकता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर इन्हें हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध सूचना की तुरंत प्रशासन को जानकारी देने की अपील की। बैठक के दौरान साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और बिजली व्यवस्था जैसे मूलभूत मुद्दों पर भी चर्चा हुई। नागरिकों ने पर्वों के दौरान इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की मांग रखी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष रईस अहमद ने आश्वासन दिया कि विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और जल व विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। होलिका दहन के आयोजन और उससे संबंधित व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर सहमति बनी, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

# ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाएं : विशाल सिंह चंचल

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र, पी0 जी0 कॉलेज, गाजीपुर में कृषि संकाय द्वारा बी.एस-सी. (कृषि) सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम अंतर्गत संचालित ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ÷सतत कृषि एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने अपने संबोधन में कहा कि ꣾ कार्यक्रम कृषि शिक्षा को व्यवहारिक एवं समाजोपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को ग्रामीण समुदायों से जोड़कर कृषि की जमीनी समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार एवं उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं, जो केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शहरी युवाओं के लिए भी नए अवसर सृजित करती हैं। उचित प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि में सफल करियर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. (डॉ.) जी. सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि स्नातक पाठ्यक्रम में को शामिल किया गया है, ताकि छात्रों को कृषि एवं ग्रामीण विकास के वर्तमान और उभरते अवसरों व चुनौतियों से अवगत कराया जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कुल 20 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें एक सप्ताह महाविद्यालय परिसर में, पाँच सप्ताह कृषि विज्ञान केंद्र में, तीन सप्ताह प्लांट हेल्थ क्लिनिक में, आठ सप्ताह ग्राम स्तर पर किसानों के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण, तीन सप्ताह एग्रो-इंडस्ट्री में तथा एक सप्ताह परियोजना निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण हेतु प्रशिक्षण शामिल है। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार ने कहा कि आधुनिक कृषि में वैज्ञानिक तकनीकों और प्रबंधन के समावेश के कारण कृषि शिक्षा और कौशल का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। इसके माध्यम से न केवल पारंपरिक खेती में सुधार संभव है, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित किए जा सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कृषि क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं पर प्रकाश डाला और बताया कि कृषि क्षेत्र भारत के जीडीपी में 18 प्रतिशत एवं रोजगार सृजन में 41.2 प्रतिशत का योगदान है। वहीं, केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह ने छात्रों से आह्वान किया कि वे कृषि के प्रायोगिक ज्ञान को सर्वोपरि मानें, क्योंकि कृषि फार्म ही उनके लिए वास्तविक प्रयोगशाला है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मृदा उर्वरता को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक खेती अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. ओमकार सिंह, ई0 आशीष कुमार बाजपेयी, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, सुनील कुमार सहित अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. (डॉ.) जी. सिंह ने किया।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जोन–06 बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

पत्रांकः– 441/ई0ई0–06/एल0जे0एस0 2025–26 दिनांक 27.02.2026

### अल्प कालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन–06 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 06.03.2026 को अधिशासी अभियन्ता जोन–06 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बाक्स से प्राप्त की जाएगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 06.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता जोन–06 के कार्यालय में खोली जाएंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी कम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Replacement of bearing 120 HP V.T. Motor Kirloskar Make Set no 1 at Kashmiri Mohalla ZPS | 174324.00 | 3500.00 | Rs. 200.00 | 07 Days |
| 02 | Repairing of 120 HP V.T. Pump Kirloskar Make Set no 4 at Kashmiri Mohalla ZPS | 183885.00 | 3700.00 | Rs. 200.00 | 07 Days |
| 03 | Repairing and rewinding of 35 hp v t motor jyoti make set no 2 at Kaliyan tola z ps. | 104838.00 | 2100.00 | Rs. 150.00 | 07 Days |
| 04 | S/f of 150 H.P. Jyoti Make new starter set no 2 at Radhagram Z.P.S. | 414325.00 | 8300.00 | Rs. 490.00 | 07 Days |
| 05 | S/f of 150 H.P. Jyoti Make new starter set no 1 at Radhagram Z.P.S. | 414325.00 | 8300.00 | Rs. 450.00 | 07 Days |

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ




# जिलाधिकारी टीकाराम फुंडे ने कोषागार अयोध्या का किया विस्तृत निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा कोषागार अयोध्या का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह द्वारा रिनोवेट कराए गए अभिलेखागार का लोकार्पण व विधिवत निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त डबल लॉक व सिंगल का निरीक्षण किया गया। जिसमें रखे हुए स्टाम्प व बहुमूल्य वस्तुओं के रखरखाव की जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी महोदय ने कोषागार के प्रत्येक पटल पर जाकर कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों जैसे कि बिल पारण, पी एल ए एकाउंट्स, पुरानी पेंशन व नयी पेंशन के भुगतान प्रणाली की समीक्षा की एवं



ऑफ लाइन व ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र के क्रियान्यवन व उनके रखरखाव के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। अधिष्ठान अनुभाग के प्रत्येक पत्रावलियों का भी उनके द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। तदुपरांत उपरोक्त के सन्दर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिलाधिकारी द्वारा कोषागार की साफ- सफाई एवं कार्यप्रणाली की सराहना की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कोषागार प्रांगण में मौलश्री के पौधे के रोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक सन्देश भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती ममता सिंह, प्रभारी सहायक कोषाधिकारी कृष्णकांत चौबे, नंदलाल गौतम, दुर्गेश बिहारी दुबे, प्रशांत कुमार वर्मा, आशीष पाण्डेय, दिलीप तिवारी, अनूप पाण्डेय, स्मृति श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, अरुनिम वेद, आलोक वर्मा, राहुल सोनी, राजेश कुमार, राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री ने मोईद खान के आवास पहुंचकर जाना उनका हालचाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने मोईद खान के जेल से छूटने के बाद भदरसा उनके आवास पर मुलाकात की। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फोन पर वार्ता कर लिया हालचाल व हर सम्भव मदद का दिलाया भरोसा। आज समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने मोईद खान के जेल से छूटने के बाद भदरसा उनके आवास पर जाकर मुलाकात करके उनका हाल-चाल लिया एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी से फोन पर वार्ता करायी, प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने फोन वार्ता कर उनका हालचाल लिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम पहले भी आपके साथ थे आगे भी साथ रहेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोईद खान व उनके परिवार का हर



संभव मदद का भरोसा दिलाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और मीडिया के लोगों ने जिस तरह से चैनल में मोईद खान साहब को अपराधी घोषित कर दिया था मेरा उनसे सवाल है कि क्या आर्थिक सामाजिक क्षति की भरपाई करते हुए वो आज उनसे माफ़ी मांगेंगे, जब से भाजपा की सरकार आई है पूरे प्रदेश में यह लोग इसी तरह से फर्जी मुकदमे लगाकर लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं उत्तर प्रदेश की देवतुल्य जनता इस बात को जान चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब 2027 में प्रदेश में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बना कर देगी।

# समान कार्य, समान वेतन लागू हो : प्रदेश अध्यक्ष



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश कम्प्यूटर ऑपरेटर लेखाकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्रधर द्विवेदी का एक दिवसीय जनपद अयोध्या भ्रमण पर जनपद अयोध्या के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मनोज सिंह के अगुवाई में भव्य स्वागत वंदन व अभिनंदन किया गया। अयोध्या धाम के विभिन्न मंदिर दर्शन के उपरांत तुलसी उद्यान में प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र धर द्विवेदी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक का सफल संचालन जिलाध्यक्ष रजनीश पाण्डेय द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कावा द्वारा कहा गया कि हम कार्मिकों को समान कार्य समान वेतन का लाभ मिलना न्यायोचित है, हम इसको लेकर रहेंगे। शिक्षा विभाग में विगत 15 वर्षो से कार्यरत लेखाकार व कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों व दायित्वों का सम्यक निर्वहन करते चले आ रहे है, इनके मेहनत व कार्य को देखते हुए इनको समान कार्य समान वेतन दिया जाना चाहिए, साथ ही साथ कार्मिकों को दिया जाने वाला समस्त विभागीय लाभ भी दिया जाए। किसी भी कार्मिक का शोषण कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जनपद अयोध्या सहित बस्ती, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, गोरखपुर आदि जिलों के लेखाकार व कंप्यूटर ऑपरेटर अधिक संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में लगभग अन्य कई मुद्दों पर चर्चा व परिचर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा ये भी सांत्वना दी गई कि जल्द ही मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री सहित एस.पी.डी. से मिलकर समस्त समस्याओं के निराकरण हेतु उनसे आग्रह करके निराकरण के लिए कहा जायेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र धर द्विवेदी, रजनीश पाण्डेय, राहुल श्रीवास्तव, सुशील सिंह, राकेश सिंह, बस्ती मुकेश यादव, कृष्ण प्रताप सिंह, दिनेश पाण्डेय, मनोज सिंह, संजय तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, अखंड प्रताप सिंह, पंकज द्विवेदी, विपिन पाठक, अवधेश शुक्ला सहित अन्य कम्प्यूटर ऑपरेटर व लेखाकार उपस्थित रहे।

# उज्जवला लाभार्थी परिवारों को सिलेंडर वितरण का सजीव प्रसारण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा 1500 करोड़ रुपये की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थी परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सर्किट हाउस, अयोध्या में किया गया, जहाँ पर सदर विधयाक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधयाक रामचन्द्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी व जिला प्रशासन ने बड़ी संख्या में उपस्थित उज्ज्वला लाभार्थियों के साथ कार्यक्रम को देखा। सब्सिडी वितरण का लाभ जनपद के 2 लाख 27 हजार उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलेगा। इस दौरान जनपद अयोध्या में 10 लाभार्थियों को रु. 562.50 की रिफिल सब्सिडी का सांकेतिक चेक व 10 लाभार्थी को सांकेतिक सिलेंडर प्रदान किया गया। अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा नोडल उज्ज्वला एन.सी. प्रवीण जनपद के लाभार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# कम जमीन में मशरूम की खेती से अधिक मुनाफा : डॉ धीरेंद्र

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.एससी स्नातक के छात्र-छात्राओं को मशरूम उत्पादन को लेकर कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में छात्र-छात्राओं को तकनीकी एवं उद्यमिता विकसित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. धीरेंद्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नवाचार आधारित कृषि व्यवसाय को अपनाने की जरूरत है। मशरूम उत्पादन कम भूमि में अधिक आय देने वाला लाभकारी व्यवसाय है। पादप रोग विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. एस. के. सिंह ने बताया कि कौशल आधारित पाठ्यक्रम कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप या उद्यमिता स्थापित करने वाले छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा मशरूम से निर्मित विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पाद बनाए गए। मशरूम फोर्टिफाइड मफिन, केक एवं बिस्किट तैयार कर कृषि महाविद्यालय में स्टाल लगाकर विक्रय भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को औषधीय एवं खाद्य मशरूम की उत्पादन तकनीक, स्पॉन उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम मशरूम ईकाई प्रभारी डा. विवेक सिंह, डा. हर्षिता व डा. ममता के संयोजन में आयोजित किया गया।

# रुदौली मे होली के दिन निकलेगा भव्य रंगारंग जुलूस

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली नगर एवं सम्पूर्ण क्षेत्र में होली पर्व की तैयारी एवं लोगो का उत्साह जोरों पर है। रुदौली नगर में परंपरागत रूप से इस वर्ष भी होली का भव्य जुलूस निकाला जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता शतीन्द्र प्रकाश शास्त्री एवं भाजपा एवं व्यापारी नेता राजेश गुप्ता ने बताया कि एकता समता के पावन पर्व होली का रंगारंग जुलूस डी जे की सुमधुर गीत एवं अबीर गुलाल के साथ दिनांक 04 मार्च बुधवार को प्रातः 9 बजे श्री हनुमान किला मंदिर कटरा से प्रस्थान कर घोसियाना तक पहुंच कर वापस मोहल्ला कटरा नवाब बाजार से शेखाना,होते हुए भैरवधाम तक जाएगा। वहां से वापस नवाब बाजार, टेढ़ी बाजार, सिनेमा रोड से फूल मती माता मंदिर अकबरगंज पहुंच कर, वापसी पूरेजामी मोहल्ला होता हुआ खतराना, मंगल बाजार नयागंज से पूरे रसूल बख्श से कोठी होते हुए काली मंदिर कटरा में समाप्त होगा। जुलूस का पूरे नगर में भव्य स्वागत किया जाएगा जलपान शीतल पेय, गोझिया का वितरण किया जाएगा रंग भरी गगरी को नवयुवकों की टोली फोड़ेगी। सायं 4 बजे आर्य समाज रुद्रावली के संयोजन में प्राचीन देवकाली मंदिर में नव सस्येष्टि यज्ञ, वैचारिक समागम, होली मिलन कार्यक्रम होगा। बैठक उपजिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

## आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस पार्टी जिला सचिव मोहम्मद नसीम हिमासुद्दीनपुर मिल्कीपुर के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने तथा संचालन जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने किया। कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने जिला सचिव मोहम्मद नसीम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी का सच्चा सिपाही बताया। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने मोहम्मद नसीम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। शोक सभा मैं उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, उपेंद्र सिंह लल्लू, भगवान बक्स सिंह, भगवान बहादुर शुक्ल, प्रशांत पांडे, संतोष तिवारी,अनिल मिसबाहुल हक तिवारी, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजकुमार पांडे, फ्लावर नकवी, बसंत मिश्रा आदि प्रमुख लोग रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति अयोध्या की हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूंडे के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य समिति अयोध्या की बैठक मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह द्वारा की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विविध कार्यक्रमों की अद्यतन समीक्षा की गई। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों कि समीक्षा कि गयी एवं निर्देश दिए गए, जिसमें जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में और भी प्रगति लाने के निर्देश के साथ-साथ लाभार्थियों का भुगतान सुनिश्चित कराएं, जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में हो रही गिरावट में जिला स्वास्थ्य समिति में दिए गए निर्देश के क्रम में तारून एवं हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में डिलीवरी प्वाइंट बढ़ाए जाएं, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान मित्र जहां पर कार्य नहीं कर रहे है वहा पर डाटा ऑपरेटर को प्रशिक्षित कर काम लिया जाय, आदि शामिल हैं। गोल्डन कार्ड



का लक्ष्य पूर्ण न करने वाले संबंधित अधिकारियों एवं सभी ब्लॉक अधीक्षको को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि सभी ब्लॉक अधीक्षक अपने आयुष्मान डाटा ऑपरेटर से लक्ष्य के अनुरूप कार्ड बनवाए। 70 से अधिक आयु के वृद्ध का आयुष्मान कार्ड विभिन्न ब्लॉकों में बनाया जा रहा हैं। आभा आई डी को बनाने हेतु आशा को प्रेरित किया जाय। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के मेडिकल ऑफिसर 30 वर्ष ऊपर सभी व्यक्तिओं का एनसीडी स्क्रीनिंग किया। हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की स्क्रीनिंग सीएचओ एवं एएनएम द्वारा कम किया गया था। एन क्यू ए एस कि समीक्षा मे निर्देशित किया गया कि शेष इकाइयों का असेसमेंट कराना सुनिश्चित करें। बैठक में डॉ. देवेंद्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं सभी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के साथ साथ डीपीएम आर पी पटेल, डीसीपीएम अमित शर्मा एवं सभी कार्यक्रमों के कोऑर्डिनेटर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल एवं सरयू इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास पूर्ण मनी होली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल एवंअयोध्या बाईपास पर स्थित सरयू इंटरनेशनल स्कूल में आमोद प्रिय फूलों की होली मनाई गई। जहां एक तरफ कनक किड्स की डायरेक्टर डॉ. मधु त्रिपाठी, हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रीति सिंह तो दूसरी तरफ सरयू इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ.संजय तिवारी ने बच्चों को मंगल कामना समेत शुभकामनाएं दीं। खुशहाली पूर्ण होली में आनंदित कनक किड्स एवं सरयू के बच्चों ने म्यूजिक टीचर अनुष्का के निर्देशन, अध्यापिका वंशिका शुक्ला एवं रिचा आनंद के सहयोग से कक्षा दो और तीन के बच्चों द्वारा ग्रुप डांस होली खेले रघुवीरा, रंग भर के चुनर गीत पर रामणीक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डॉ. मधु त्रिपाठी ने कनक किड्स के बच्चों एवं अध्यापिकाओं को अपने मुखारविंद से होली की शुभकामनाएं के साथ समस्त रंगों के विशेष महत्व




को बताते हुए, एक संदेश दी यह त्यौहार आविर्भाव, अनुष्ठान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। डॉ संजय तिवारी अपने संबोधन में कहें कि यह त्यौहार कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी सौहार्द को कायम रखने का संदेश देता है। दोनों स्कूलों में रंग-बिरंगे गुलाल से अलंकृत प्रांगण मे उत्साहवर्धक छवि ऐसी रही मानो वृंदावन की होली है। अध्यापिका निकिता सहदेव, सरयू स्कूल के विद्यार्थी कृतिका, अर्क पांडे ने कार्यक्रम का संचालन प्रभावी ढंग से किया। कनक किड्स की शिक्षिकाएँ शालू सिंह, अनीता सिंह, प्रिया सिंह, फरजाना फातिमा, राधिका पाठक, अंजली मिश्रा, शिल्पी जायसवाल, साक्षी यादव, श्रद्धा सिंह, अलका पांडे, अजीता पांडे, रिंकी सिंह, सीमा और अर्पित मिश्रा, बी. पी. पाठक, रीता शुक्ला, डिंपल सिंह, दीपक शर्मा, अविनाश, समस्त कनक किड्स एवं सरयू परिवार ने रंगीन फूलों की होली खेली।

# बार अध्यक्ष अजीमुद्दीन ने तहसील परिसर में अधिवक्ता संग जम कर खेली होली, दी बधाई



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** तहसील रुदौली में अधिवक्ताओं ने आज जमकर होली खेली। एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की बधाई दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीमुद्दीन एडवोकेट की अगवाई में एक जुलूस ढोल नगाड़े के साथ निकल गया जिसमें अधिवक्ता व कर्मचारीयों द्वारा जमकर डांस किया गया और तहसील परिसर में कर्मचारी व अधिकारीगण व अधिवक्ताओं ने सभी को गुलाल अबीर लगाकर होली का उत्सव मनाया। उपजिलाअधिकारी संतोष कुमार ने समस्त अधिवक्ताओं को गले लगा कर बधाई दी। इस उल्लास पूर्ण माहौल में महामंत्री अमर सिंह यादव कोषाध्यक्ष बालेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम मनोरथ वर्मा कुलभूषण यादव, प्रमोद द्विवेदी, साहब शरण वर्मा, वकार आलम, अमरनाथ पांडे कमरुद्दीन, फजल अजीम, रमेश सिंह, रमेश कुमार, जलाल सहित तमाम अधिवक्तागण व कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर रूदौली बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन ने अधिकारियों कर्मचारियों अधिवक्ताओं सहित हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# जहां भी होती है मजलिस वो घर हुसैन का है....

**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** जिन लोगों का रिश्ता दरे अहलेबैत से है वह खिदमत की बुनियाद पर हमेशा बाकी रहते हैं। इसी प्रकार शायरे अहलेबैत मुम्ताज हुसैन कमर अकबरपुरी अपने अशआर, नौहे, सलाम के जरिए हमेशा जिंदा रहेंगे। उक्त विचार बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में मौलाना मोहम्मद अली रिजवी उर्फ गौहर ने इम्तियाज हुसैन जाफरी आदि की तरफ से दिवंगत कमर अकबरपुरी की बरसी की मजलिस को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि दरे अहलेबैत वह दर है जहां से जुड़ने बाद व्यक्ति का अस्तित्व कभी समाप्त नहीं होता। उससे पूर्व महफूज अली ने पेशखानी का आगाज करते हुए कहा जहां में आज भी जालिम को डर हुसैन से है, जहां भी होती है मजलिस वो घर हुसैन का है। दानिश ने पढ़ा फितरूस ने अपने पर से लिखा आसमान पर, शब्बीर ने अता किए हैं बे-मिसाल पर। युवा शायर रजी अकबरपुरी ने नहजुल बलागा के हवाले से कहा लिसानुल्लाह की तकरीर है नहजुल बलागा में, के मालूमात की जागीर है नहजुल बलागा में। जैबी रिजवी ने पढ़ा बद्र से कर्बोबला आओ तो समझ पाओगे, दुश्मनी नाना से थी जद में नवासा क्यूं है। असरार ने कहा परचमे अब्बास में मश्के सकीना देखना।



# पीस कमेटी की हुई बैठक



**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** होली व रमजान के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। इसी के चलते पटरंगा थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, एस डी एम रुदौली संतोष कुमार, सी ओ रुदौली आशीष निगम उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्र के सभी समुदायों के संभ्रान्त व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। एस पी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लोगों से अपील की। साथ ही लोगों को आश्वस्त भी किया कि खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। एस डी एम रुदौली संतोष कुमार ने त्यौहार को परंपरागत तरीके व हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की। सी ओ रुदौली आशीष निगम ने कहा कोई बात होने पर तुरंत सूचना दें। बैठक मे भाजपा नेता रघुनंदन चौरसिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील चंद मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुजीत सिंह, ग्राम प्रधान इस्तिखार अहमद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिब खां, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अंसारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष यादव, दिलीप वर्मा, ओंकार गुप्ता सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शहीद के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस



**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** ब्लाक मवई के ग्राम पूरे विशेन मजरे हंसराजपुर निवासी सेना के जवान देवेश सिंह विगत दिनों एक हादसे में शहीद हो गए थे। कांग्रेस नेता तथा आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने शनिवार को दिल्ली से शहीद के गांव पूरे विशेन पहुंच कर उनके परिवार वालों से मिल कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को देवेश सिंह पर गर्व हो रहा है। देवेश सिंह जैसे होनहार युवक की आज के समय में जरूरत थी लेकिन उनका असमय जाना काफी पीड़ादायक है। दयानन्द शुक्ला ने कहा कि देवेश सिंह एक ईमानदार और सच्चे देश भक्त थे। इसके अलावा दयानन्द शुक्ला ग्राम नौगवाडीह पहुंच कर अपने माता व पिता की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इससे पूर्व कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ग्राम कसारी पहुंच कर एक भंडारे में शामिल हुए। इस अवसर पर बुजुर्ग कांग्रेसी आदिनाथ मिश्रा, राम अशीष तिवारी, राजकुमार मिश्रा, राजा राम यादव, गौरव शुक्ला, दिनेश सिंह, सुरेश तिवारी, शिवकुमार मौर्या आदि उपस्थित थे।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 319 | | | | 1067 | 0.0264 |
| 320 | | | | 1069 | 0.0462 |
| 321 | | | | 1088 | 0.6240 |
| 322 | | | | 1090 | 0.2268 |
| 323 | | | | 1091 | 0.2800 |
| 324 | | | | 1092 | 0.2352 |
| 325 | | | | 1093 | 0.1134 |
| 326 | | | | 1094 | 0.0058 |
| | | | | योग | 4.9807 |
| | | | | कुल योग | 50.0497 |

6- राज्यपाल, उक्त अधिनियम की धारा-12 के अधीन यथा उपबंधित तथा विनिर्दिष्ट रूप में भूमि अर्जन के प्रयोजन हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने, भूमि में प्रवेश करने तथा उसका सर्वेक्षण करने, किसी भूमि का समतलीकरण करने, खुदाई करने तथा कार्य के समुचित क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित समस्त कार्य करने के लिए भी कलक्टर को प्राधिकृत करते हैं।

7- उक्त अधिनियम की धारा 15 के अधीन भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, गजट में इस अधिसूचना के प्रकाशन के 60 दिन के भीतर भूमि अर्जन करने के विरुद्ध लिखित रूप से कलक्टर को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

8- उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (4) के अधीन कोई व्यक्ति, ऐसी अधिसूचना के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से भूमि अर्जन की कार्यवाहियाँ पूर्ण होने तक कलक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा अथवा उसका संव्यवहार अर्थात विक्रय/क्रय नहीं करने देगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

टिप्पणी:-भूमि का स्थल नक्शा अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू0-राजस्व), शारदा सहायक परियोजना कक्ष सं0-40, कलेक्ट्रेट, लखनऊ के कार्यालय में देखा जा सकता है।

भवदीय,

(दिव्य प्रकाश गिरि)
सचिव।

उ0प्र0 247142 दिनांक- 27.02.2026
Website: www.upgov.nic.in

# संपूर्णता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** आकांक्षी विकास खंड हलिया में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन शनिवार को उत्साहपूर्वक किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष महान वैज्ञानिक सीबी रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में मनाया जाता है।ग्राम पंचायत भटवारी के प्राथमिक विद्यालय और आँगनवाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव और सीएम फेलो गौरव सिंह के द्वारा जागरूकता रैली एवं विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, ड्रिप सिंचाई एवं जल शोधन से संबंधित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग द्वारा संतुलित आहार, एनीमिया रोकथाम, हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि तथा ओआरएस घोल बनाने का प्रदर्शन किया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की वृद्धि निगरानी एवं पोषण संबंधी जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गईं।कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती एवं सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों पर किसानों को जानकारी प्रदान की गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की जांच किट का प्रदर्शन एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।अपराह्न सत्र में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संपूर्णता अभियान के प्रमुख सूचकोंकृकुपोषण दर, संस्थागत प्रसव, विद्यालय उपस्थिति, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं नल जल कनेक्शनकृकी प्रगति की समीक्षा की गई।सीएम फेलो गौरव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिक सोच को अपनाकर ही विकास खंड हलिया के सभी विकास सूचकों को संतृप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी विभागों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बच्चों को स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी और प्लास्टिक मुक्त गाँव बनाने के लिए सभी बच्चों को संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रधानगण, अध्यापक गण,स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां, एएनएम,आशा बहुएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन




**स्वतंत्र भारत हलिया (मीरजापुर)।** स्थानीय ब्लाक के ब्लाक संसाधन केन्द्र हलिया (बीआरसी) बरौधा के कार्यालय परिसर पर प्रधानध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकरी हलिया प्रकाश चंद्र यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी रहे मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया एवं विद्यालय बच्चीयो द्वारा सरस्वती गीत प्रस्तुत किया गया उसके बाद डीबीटी कार्यक्रम के माध्यम से धनराशि का सीधे अभिभावको के बैंक खातों में प्रेषित किया जाना, निपुण भारत मिशन, विद्यालय प्रबन्ध समिति, बालिका शिक्षा, आउट आफस्कूल बच्चों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में एवं आपरेशन कायाकल्प आदि विषयो पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में विकास खण्ड के ग्राम प्रधान एवं सभी विद्यालयों प्रधानाध्यापक प्रतिभाग किये इस अवसर पर ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार मौर्य, गुर्गी रमेश कुमार मौर्य, महुगढ़ विजेंद्र पाण्डेय, गलरा अरुण मिश्रा, कौशल सिंह, आरपी यादव, आनंद सिंह, अजीत कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सम्बंध विच्छेद
मैने अपने पुत्र पंकज को दुर्व्यवहार के कारण सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। सुखदेवी पत्नी स्व. गंगाराम नि.ग्राम अख्त्यारनगर उर्फ इकनौरा थाना कांट शाहजहांपुर।
**सी.आर.-2748/ D-27**

### सूचना
मेरा इण्टरमीडिएट का प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0913657 वर्ष 2019 वास्तव में खो गया है। सेजल खन्ना पुत्री श्री प्रतीक खन्ना निवासी म.नं.-187, संकटा देवी रोड, बर्तन बाजार, थाना-कोतवाली लखीमपुर, शहर-लखीमपुर, जिला-खीरी।
**सी.आर.-2746/ D-28**

### सूचना
सूचित करना है कि प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) रा. विश्वविद्यालय प्रयागराज की मेरी बीए-प्रथम, द्वितीय व तृतीय परीक्षा वर्ष 2018-19, 2019-20 व 2020-21 अनुक्रमांक- 194038 0011161 की मार्कशीटें वास्तव में खो गई है। पूजा साहू पुत्री लालजी साहू नि.ननोक का पुरवा जमेठी कुंडा प्रतापगढ़।
**सी.आर.-2745/ D-33**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ABDUL MONF था जो अब बदलकर ABDUL MUNAF हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। BDUL MUNAF S/o IZHAR KHAN AGAHUA MELHAN PHULPUR PRAYAGRAJ U.P.
**सी.आर.-2747/ D-29**

### सूचना
मैं सतीश कुमार रैंक नायक आर्मी नं0-15725754Y के सैन्य दस्तावेजों में मेरे माता पिता जी की जन्मतिथि गलत अंकित हो गई है। माता जी की गलत जन्मतिथि 15.09.1962 व सही जन्मतिथि 01.01.1955 व पिता जी की गलत जन्मतिथि 07.06.1960 व सही जन्मतिथि- 01.01.1953 है। जो कि आधार कार्ड के अनुसार सही है।
**सी.आर.-2748/ D-33**

### सूचना
सूचित हो ग्राम पंचायत सहोरा में दिनांक 11 फरवरी 2026 को आवासीय पट्टा आवंटन हेतु खुली बैठक दोपहर 12:30 बहुउद्देशीय पंचायत भवन में आयोजित होगी। मंत्री/लेखपाल तहसील जलालाबाद शाहजहांपुर।
**सी.आर.-2748/ D-25**

### सूचना
मैं SUJATHA मेरे पुत्र आर्मी नं0-14683897Y, RANK-HAV, KRISHNA KANTH C.S के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम SUGATA व जन्मतिथि 01.07.1966 गलत अंकित हो गयी है जबकि मेरा सही नाम SUJATHA व सही जन्मतिथि 1962 है।
**सी.आर.-2748/ D-27**

### सूचना
मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम TEJASH MISHRA दर्ज हो गया है, जोकि गलत है, मेरे पुत्र का सही नाम TEJAS MISHRA है। इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। जितेश कुमार मिश्रा पुत्र मायाप्रकाश मिश्रा नि. ग्रा. अहमदपुर नियाजपुर पो. रोजा हांडाकालोनी थाना रोजा, तह.सदर, शाहजहांपुर।
**सी.आर.-2748/ D-38**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम इन्द्रवली तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी है जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या- 7629 1151 5385 में मेरा नाम इन्द्रवली, राधेश्याम तिवारी अंकित हो गया है जो कि गलत है। भाविष्य में मुझे मेरे सही नाम इन्द्रवली तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाय।
एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिक्तायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।
**इन्द्रवली तिवारी ग्राम किटहाई खोहर पोस्ट गोइया कला तहसील मऊ जिला चित्रकूट उ.प्र. पिन -210208**
**सी.आर.-2747/ D**

**आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या, उ0प्र0 - 224 229 :** विश्वविद्यालय द्वारा दो Tractors और एक Diesel Engine Operated Automatic Forklifts बस के क्रय हेतु GEM पर बिड प्रकाशित की गई है, जिसका विवरण निम्नवत है :
1. Bid क्रमांक : GEM/ 2026/B/7303096, 2. Bid क्रमांक : GEM/ 2026/B/ 7302726
पत्रांक : 257/मीडिया/निविदा/2026
दिनांक : 28.02.2026

# पीड़ित ने जबरदस्ती गुंडागर्दी पर अपहरण हत्या, धमकी की शिकायत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी अश्विनी कुमार ने पुलिस महानिदेशक लखनऊ को प्रार्थना पत्र भेजकर जबरदस्ती गुंडा गर्दी के बल पर अपहरण हत्या का प्रयास कर धमकी देने की शिकायत किया है भेजे गए शिकायती पत्र में बताया है की 9 फरवरी को मिर्जापुर कचहरी के गेट नंबर दो पर मुकदमा के तारीख पर गया था की तीन लोगो द्वारा गुंडा गर्दी के दम पर अपहरण कर हत्या करने की धमकी देने लगे जिस पर पीड़ित ने तत्काल पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया लेकिन इसके बाद भी पीड़ित की तहरीर पर मिर्जापुर पुलिस द्वारा आज तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है जिससे पीड़ित भयभीत है की अपहरण कर उसकी हत्या किया जा सकता है पुलिस महानिदेशक से मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

अदालती सूचना ता.पेशी 06-03-2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप न्यायालय सिविल जज जज सी.डि.त्वरित न्यायालय कोर्ट सं. 27 शाहजहांपुर दी.प्रकीर्ण वाद सं. 09 वर्ष 2019 (मूलवाद सं. 598 वर्ष 2006 निर्मला देवी उर्फ अन्नू बनाम श्रीमती ओमवती आदि) अवनीश पाण्डेय आदि बनाम श्रीमती निर्मला देवी आदि बनामः-1-ओमवती पत्नी स्व.सियाराम 2-ओमकार पुत्र स्व.सियाराम 3-सोहनलाल पुत्र स्व.शिवनारायण लाल 4-विजयपाल उर्फ नेहरू पुत्र स्व. शिवनारायण लाल सर्वनिवासीगण मोहल्ला तिलहरजई तह.सदर जिला शाहजहांपुर... प्रतिवादी सं. 2, 3 व 5, 6 चूंकि उपरिनिमांकित अवनीश पाण्डेय आदि वादीगण उक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन वाद को पुर्नस्थापन हेतु दियाहै अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के माह 03 के 06 दिवस को 10 बजे के पूर्वान्ह में स्वंय या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने उक्त आवेदन एक पक्षीय से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 2026ई.के माह 02 के 28 दिवस को निकाली गई। न्यायालय के ओदशानुसार मुन्सरिम/रीडर सिविल जज सी.डि.त्वरित न्यायालय कोर्ट सं. 27 शाहजहांपुर।
**सी.आर.-2748/ D-CN**

## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अम्बेडकरनगर।

ई-निविदा सूचना, **विज्ञापन आ0सं0 574 दिनांक: 18.02.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 62/वि0वि0मं0 (अ0/2025-26: विद्युत वितरण खण्ड, अम्बेडकरनगर क्षेत्र में बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत 10/16 के0वी0ए0 के अतिरिक्त परिवर्तकों की स्थापना एवं अन्य कार्यों हेतु धरोहर धनराशि रू0 6,000.00 । निविदा शुल्क रु0 1,180.00 ।
2. 63/वि0वि0मं0 (अ0/2025-26: विद्युत वितरण खण्ड अम्बेडकरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत सुचारु विद्युत आपूर्ति हेतु 33 के0वी0/11 के0वी0 केबिल फाल्ट ठीक करने हेतु धरोहर धनराशि रू0 6,000.00 । निविदा शुल्क रु0 1,180.00 ।
3. 64/वि0वि0मं0 (अ0 / 2025-26: विद्युत वितरण खण्ड अम्बेडकरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत जमा योजना एवं अन्य कार्यों हेतु धरोहर धनराशि रू0 35,000.00 । निविदा शुल्क रू0 3540.00 ।
4. 65/वि0वि0मं0 (अ0/2025-26: विद्युत वितरण खण्ड, जलालपुर अम्बेडकरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत जमा योजना एवं अन्य कार्यों हेतु धरोहर धनराशि रू0 30,000.00 । निविदा शुल्क रू0 3,540.00 ।

ई निविदा की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026, 12.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/28/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे के अंतर्गत कानपुर–लखनऊ खंड में गति को 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में स्थापित किए जा रहे नए 2x25 केवी स्विचिंग पोस्ट (टीएसएस/एसपी/एसएसपी) के स्काडा नियंत्रण के लिए ओएफसी कनेक्टिविटी का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,14,25,581.50/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,07,100.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 240 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 20.03.2026 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0 सं0 – 106–टेली/टेंडर/28/2025–26 दिनांक: 27.02.2026 694/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## पूर्वोत्तर रेलवे
**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2026-41**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:–
(1) ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2026-41, कार्य का नाम: (1) गोंडा – लखनऊ सेक्शन के बीच एलएचएस नंबर 304/सी और 305/सी के कवर शेड, ग्राउटिंग, वियरिंग कोर्स आदि का शेष कार्य। और (2) गोंडा – लखनऊ सेक्शन के बीच एलएचएस नंबर 305/सी के अप्रोच का शेष कार्य। अनुमानित लागत (रू): 46552178.00, अग्रिम धन (रू) : 382800.00, समापन अवधि –09 माह 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-41 के लिये ई–निविदा दिनांक 24.03.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/डब्ल्यू-491
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालयः "स्टार हॉउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोन: 0522–2721512

**अधिग्रहण सूचना**

यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इण्डिया टेढ़ी पुलिया शाखा द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना दिनांक 19.09.2025 को जारी की गई थी और ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणगृहिता के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणगृहिता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सपठित उप नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगृहिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय–विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और निम्नलिखित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय–विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, टेढ़ी पुलिया शाखा के पक्ष में देय बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहे हैं।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/जमानतकर्ता का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण/ सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13 (2) के अनुसार मांग सूचना/अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| | **शाखा : टेढ़ी पुलिया** | | |
| 1 | **श्रीमती टेनु देवी एवं श्री हिमांशु प्रताप सिंह (ऋणी)** मकान सं. (नगर निगम सं.) 616/006 प्लाट सं. 13 पर स्थित खसरा सं. 216 ग्राम सिमरा गौरी, वार्ड फजुल्लागंज जिला लखनऊ 226013 **संजय कुमार सिंह (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता)** 616/006, एलके 216 सिमरा गौरी वार्ड फजुल्लागंज महार्षि विश्वविद्यालय के पास लखनऊ 226013 | संपत्ति का सभी भाग मकान सं. (नगर निगम सं.) 616/006 प्लाट सं. 13 पर स्थित खसरा सं. 216 ग्राम सिमरा गौरी, वार्ड फजुल्लागंज जिला लखनऊ **चौहद्दी : उत्तर :** अराजी समिति, **दक्षिण :** अराजी समिति, **पूर्व :** अराजी समिति, **पश्चिम :** 20 फिट चौड़ी सड़क. | ₹ 15,71,598.00 + ब्याज व अन्य खर्च; मांग सूचना दिनांक: 19.09.2025; मांग सूचना का पेपर में प्रकाशन : 08.11.2025; कब्जा नोटिस दिनांक : 23.02.2026 |

दिनांक : 01.03.2026 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

# अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के सलैया दामोदर गांव निवासी दिनेश पाण्डेय ने शुक्रवार की देर शाम ड्रमण्डगंज थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया हैं पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई हैं दी गई तहरीर में बताया हैं की गुरुवार को मेरे चचेरे भाई सुरेश कुमार पाण्डेय उम्र 55 वर्ष जो अपनी बहन ग्राम खोदाईपुर थाना हलिया के यंहा अपने घर से अपनी मोटर साइकिल से जा रहे थे की जैसे लहुरियादह हनुमान मंदिर के पास समय लगभग 3:45 बजे पहुँचे तो किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गए जिनकी मौके पर मृत्यु हो गई जिस पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गुलाब तिराहा से पुलिस ने शनिवार को किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं एसआई अच्छेलाल यादव मय हमराह कांस्टेबल राजेश मौर्य के साथ मुखबिर की सूचना पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित मवई कला गांव निवासी रितेश कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं किशोरी के पिता ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

**घोषणा पत्र**
**प्रपत्र-4 (नियम 8 देखें)**

| | | |
|---|---|---|
| प्रकाशन का स्थान | : | द्वितीय तल सूरजदीप काम्पलेक्स 1, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 |
| प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| मुद्रक का नाम | : | अतुल शुक्ला |
| (क्या भारत के निवासी हैं) | : | हाँ |
| (क्या विदेशी तो मूल देश) | : | लागू नहीं |
| पता | : | 133 शेखूपुरा कालोनी विकास नगर लखनऊ। |
| प्रकाशक का नाम | : | अतुल शुक्ला |
| (क्या भारत के निवासी हैं) | : | हाँ |
| (क्या विदेशी तो मूल देश) | : | लागू नहीं |
| पता | : | 133 शेखूपुरा कालोनी विकास नगर लखनऊ। |
| सम्पादक का नाम | : | श्री के. के. श्रीवास्तव |
| (क्या भारत के निवासी हैं) | : | हाँ |
| (क्या विदेशी तो मूल देश) | : | लागू नहीं |
| पता | : | 1/34 विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। |
| उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं जो समस्त पूंजी के एक प्रति-शत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हैं। | : | एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा0 लि0, द्वितीय तल, सूरजदीप काम्पलेक्स 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ। 1. श्री के. के. श्रीवास्तव 1/34 विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। 2. श्रीमती वीना श्रीवास्तव 1/34 विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। 3. श्रीमती बेनू श्रीवास्तव 1/34 विश्वास खण्ड, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ। 4. श्री कार्तिकेय श्रीवास्तव 1/34 विश्वास खण्ड, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ। 5. श्री कपिल श्रीवास्तव 1/34 विश्वास खण्ड, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ। 6. मे. चेस फाइनेंस एण्ड इन्वेस्टमेन्ट प्रा.लिमिटेड द्वितीय तल सूरजदीप काम्पलेक्स, 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 7. मे. जूही फाइनेंशियल होल्डिंग प्रा. लिमिटेड द्वितीय तल सूरजदीप काम्पलेक्स, 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 8. मे. एग्रो पेपर मोल्ड्स लिमिटेड द्वितीय तल सूरजदीप काम्पलेक्स, 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 |

मैं अतुल शुक्ला एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिये गये विवरण सत्य हैं।

दिनांकः 28.02.2026

अतुल शुक्ला
प्रकाशक एवं मुद्रक
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14
लखनऊ, रविवार, 1 मार्च, 2026

# हमला बस शुरुआत, लंबी जंग की तैयारी तो पहले ही हो गई थी



**तेल अवीव।** अमेरिका और इजरायल ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए ईरान के कई शहरों पर हवाई हमलों को अंजाम दिया। इन हमलों के साथ ही पश्चिम एशिया में एक और जंग शुरू हो गई है। ईरान के खिलाफ युद्ध के लंबे समय तक चलने की संभावना है। एक शीर्ष इजरायली अधिकारी ने इस संभावना की पुष्टि भी कर दी है। एक शीर्ष इजरायली अधिकारी के अनुसार, इजरायल ईरान के साथ कई दिनों तक चलने वाले संघर्ष की तैयारी कर रहा है। अधिकारी के अनुसार, शनिवार सुबह अमेरिका के साथ संयुक्त रूप से किए गए हमलों में ईरानी शासन के ठिकानों और सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया।

**महीनों से बन रही थी संयुक्त कार्रवाई की योजना**

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई की योजना महीनों से बनाई जा रही थी। वहीं, दिनदहाड़े हुए इस हमले का उद्देश्य ईरान को चौंकाना था। एक अज्ञात सुरक्षा सूत्र ने चैनल 12 को बताया कि इस ऑपरेशन की योजना महीनों से संयुक्त रूप से बनाई जा रही थी। सूत्रों के अनुसार, इस अभियान में इजरायल पूरी ताकत लगा रहा है और अमेरिका भी इस मामले में उसके साथ है। सूत्रों के अनुसार, संयुक्त हमले का प्रारंभिक चरण चार दिनों तक चलने की योजना है। टीवी रिपोर्ट में कहा गया है कि सुबह के समय शुरुआती हमलों का समय ईरानियों को चौंकाने के लिए तय किया गया था, क्योंकि उन्हें दिन के समय हमले की उम्मीद नहीं थी।

### एक दिन पहले ही जेडी वेंस ने खारिज किया था लंबे युद्ध का विकल्प

ये हमले इस वजह से भी चौंकाने वाले माने जा रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि अमेरिका मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के विरुद्ध नए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हों, लेकिन अमेरिका के एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु हथियारों को लेकर वार्ता जारी थी।

# तनाव से पहले : पश्चिम एशिया में क्यों नहीं बनी बात?

## यूरेनियम संवर्धन पर ईरान से खुश नहीं थे ट्रंप

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान से एक ही चीज चाहते हैं- यूरेनियम संवर्धन यानी एनरिचमेंट बंद हो। उन्होंने साफ कहा था, मैं कहता हूं कि कोई संवर्धन नहीं। न 20 प्रतिशत, न 30 प्रतिशत। ईरान इसके लिए तैयार नहीं था। यही दोनों देशों के बीच बातचीत नाकाम हुई और लंबे समय से पश्चिम एशिया में जो घटित होने की अटकलें थीं, वह आखिरकार शनिवार को हो गया। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ठिकानों पर संयुक्त रूप से हमला कर दिया।

- सोमवार को अगले दौर की बातचीत से पहले ही हमला




**अमेरिका-ईरान में क्या है विवाद**

बात परमाणु कार्यक्रम की है। अमेरिका और इजराइल का आरोप है कि ईरान चुपके-चुपके परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ईरान कहता है- यह सब शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है, हम हथियार नहीं बना रहे। दुनिया में जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं हैं, उनमें से ईरान अकेला है जिसने यूरेनियम को हथियार बनाने के करीब तक जाकर संवर्धित किया है। यही बात अमेरिका को खलती है।

कल होनी थी चौथे दौर की बातचीत स्विट्जरलैंड के जिनेवा में हाल ही में तीसरे दौर की बातचीत हुई थी। ओमान मध्यस्थ की भूमिका में था। बातचीत में ईरान का कहना था कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा उसका अधिकार है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने कहा था कि ईरान ने संवर्धित यूरेनियम का जखीरा जमा न करने पर सहमति दी है। उन्होंने इसे बड़ी कामयाबी बताया था और कहा था, शांति समझौता हमारी पहुंच में है... बस कूटनीति को काम करने दो। उन्होंने यह भी कहा था कि सभी मुद्दे कुछ महीनों में हल हो सकते हैं। हालांकि, अमेरिकी मांग इससे भी आगे थी। वह 400 किलो संवर्धित यूरेनियम देश से बाहर भेजने की बात कर रहा था। चौथे दौर की बातचीत सोमवार को ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में होनी थी। लेकिन उससे पहले ही हमला हो गया।

ट्रंप किस बात से नाराज थे?

ईरान से जारी अप्रत्यक्ष बातचीत पर ट्रंप ने खुद कहा था, मैं खुश नहीं हूं। वे हमें वह नहीं दे रहे, जो हमें चाहिए। मैं कहता हूं कि कोई संवर्धन नहीं। न 20 प्रतिशत, न 30 प्रतिशत। इससे पहले 19 फरवरी को ट्रंप ने एयर फोर्स वन में मीडिया से कहा था कि ईरान के पास ज्यादा से ज्यादा 10-15 दिन हैं। हमें एक ठोस डील करनी होगी। वरना बुरी चीजें होंगी।

जंग की तैयारी कब से थी?

काफी पहले से। अमेरिका ने यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड जंगी जहाज भूमध्य सागर की तरफ भेजा था। एक और युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले से मध्य पूर्व में तैनात था। यानी एक साथ दो विमानवाहक पोत। इसके अलावा विध्वंसक जहाज और लड़ाकू विमानों की तैनाती भी बढ़ाई गई थी। इससे पहले, पिछले जून में अमेरिका ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला कर चुका था। उस अभियान का नाम था- ऑपरेशन मिडनाइट हैमर।

## एक नज़र

### बेलारूस में दो पत्रकारों पर देशद्रोह के आरोप, मिली लंबी सजा

**मिंस्क।** बेलारूस की एक अदालत ने दो स्वतंत्र पत्रकारों को देशद्रोह के आरोप में लंबी जेल की सजा सुनाई है। 65 वर्षीय उलादजिमिर यानुकेविच को 14 साल और उनके सहयोगी 44 वर्षीय आंद्रेई पाकालेनका को 12 साल की सजा दी गई। दोनों लोकप्रिय मीडिया संस्थान चला रहे थे। मुकदमा बंद कमरे में चला और आरोपों की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। पत्रकार संगठन का कहना है कि यह फैसला सरकार द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी पर जारी सख्ती का हिस्सा है। संगठन के अनुसार, इस समय बेलारूस में 28 स्वतंत्र पत्रकार जेल में हैं।

### कांगो में सामूहिक कब्र मिलने से बीमारी का डर

**कांगो।** पूर्वी कांगो के उवीरा शहर में 171 शव सामूहिक कब्रों में मिलने के बाद लोगों में बीमारी फैलने का डर बढ़ गया है। दक्षिण किवु प्रांत के गवर्नर ने आरोप लगाया कि ये हत्याएं एम23 विद्रोही समूह ने कीं। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ शव ठीक से दफन नहीं किए गए थे और वे सड़ रहे हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को खतरा है। अधिकारियों ने इलाके को सील कर दिया है और जांच शुरू कर दी है। एम23 ने दिसंबर में उवीरा पर कब्जा किया था, लेकिन बाद में शांति प्रक्रिया के तहत शहर छोड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पूर्वी कांगो में 100 से ज्यादा सशस्त्र समूह सक्रिय हैं और सात मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। यह संघर्ष दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संकटों में से एक बन चुका है।

### इक्वाडोर-कोलंबिया के बीच व्यापार युद्ध तेज

**कोलंबिया।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने कोलंबिया पर सख्त रुख अपनाते हुए वहां से आने वाले सामान पर टैक्स 30त्न से बढ़ाकर 50त्न कर दिया है। उनका कहना है कि कोलंबिया सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने में नाकाम रहा है। कोलंबिया ने जवाब में इक्वाडोर के कई उत्पादों पर 30त्न शुल्क लगा दिया और बिजली आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी। दोनों देशों के कारोबारी संगठनों ने कहा है कि इससे हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। इक्वाडोर का कहना है कि कोलंबिया के साथ उसका व्यापार घाटा 1.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि कोलंबिया ने आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि उसने रिकॉर्ड मात्रा में कोकीन जब्त की है। तनाव कम करने के लिए फिलहाल कोई बैठक तय नहीं हुई है।

### वेनेजुएला में रिहा नेता ने एकता की अपील की

**काराकास।** वेनेजुएला के नेता एनरिक मार्केज, जिन्हें 2024 के चुनाव परिणामों को चुनौती देने के बाद जेल भेजा गया था, रिहा होने के बाद देश में एकता की अपील की है। उन्होंने कहा कि अब समय है कि सरकार और विपक्ष मिलकर देश के भविष्य पर काम करें। मार्केज को जनवरी 2025 में आतंकवाद और देशद्रोह जैसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि हिरासत के दौरान उन्हें कई महीनों तक परिवार से मिलने नहीं दिया गया। हाल ही में आम माफी कानून के तहत उन्हें रिहा किया गया। उन्होंने कहा कि देश लंबे समय से राजनीतिक टकराव में फंसा है और अब आगे देखने की जरूरत है। उन्होंने खुद को एक जोड़ने वाली ताकत बताया, जो देश के पुनर्निर्माण में भूमिका निभाना चाहती है।

### हांगकांग में कार्यकर्ता के पिता को जेल

**हांगकांग।** अमेरिका में रह रही हांगकांग की लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता एना क्वोक ने कहा है कि उनके पिता को जेल भेजे जाने से उनका हौसला और मजबूत हुआ है। हांगकांग की अदालत ने उनके 69 वर्षीय पिता को आठ महीने की सजा सुनाई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एना की बीमा पॉलिसी से लगभग 11,000 डॉलर निकालने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि यह राशि फरार व्यक्ति की संपत्ति थी। एना क्वोक पर हांगकांग सरकार ने इनाम घोषित किया है और उन पर विदेशी प्रतिबंधों के लिए लॉबिंग करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों ने उनके पिता की सजा की आलोचना की है। एना ने कहा कि वह पीछे नहीं हटेंगी और लोकतंत्र के लिए लड़ाई जारी रखेंगी।

### स्वीडन में रूसी ड्रोन की घुसपैठ

**स्टॉकहोम।** स्वीडन की सेना ने बताया कि इस हफ्ते दक्षिणी स्वीडन के पास एक रूसी ड्रोन ने बिना अनुमति उड़ान भरी। यह घटना उस समय हुई जब फ्रांस का परमाणु शक्ति से चलने वाला विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल माल्मो बंदरगाह पर मौजूद था। यह जहाज नियमित नाटो अभ्यास के तहत स्वीडन आया हुआ है। स्वीडिश सेना के अनुसार, ओरेसुंड जलडमरूमध्य (जो स्वीडन और डेनमार्क को अलग करता है) में मौजूद एक रूसी सिग्नल इंटेलिजेंस जहाज से ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया। स्वीडन के एक नौसैनिक जहाज ने ड्रोन को ट्रैक किया और उसके सिग्नल को जाम करने के लिए तुरंत जवाबी कदम उठाए।

### पर्टामिना घोटाला : पूर्व सीईओ सहित नौ को 9 से 15 साल कैद

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की एक अदालत ने सरकारी ऊर्जा कंपनी पर्टामिना की सहायक इकाइयों से जुड़े बड़े भ्रष्टाचार मामले में दो पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) समेत नौ लोगों को दोषी ठहराते हुए नौ से 15 साल तक की सजा सुनाई है। सेंट्रल जकार्ता कोर्ट ने बृहस्पतिवार को यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार अवैध रूप से ईंधन टर्मिनल लीज पर देने और कच्चे तेल के गैरकानूनी आयात समेत अन्य अनियमितताओं से राज्य को करीब 17 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

# अफगान बलों ने कहा-मार गिराया पाक लड़ाकू विमान

## पायलट को पकड़ा जिंदा

**इस्लामाबाद/जलालाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच शनिवार को अफगान बलों ने दावा किया कि जलालाबाद शहर में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया। अफगान बलों ने दावा किया है कि विमान मार गिराए जाने के बाद उसके पायलट को जिंदा पकड़ लिया गया है। एएफपी की रिपोर्ट में अफगान सैन्य और पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शनिवार को जलालाबाद के एक जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने एएफपी को बताया कि पायलट ने विमान से पैराशूट की



मदद से छलांग लगाई और फिर उसे हिरासत में ले लिया गया। जलालाबाद के पुलिस प्रवक्ता तैयब हम्माद ने पुष्टि करते हुए कहा, जलालाबाद शहर के छठे जिले में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया और उसके पायलट को जिंदा पकड़ लिया गया। पूर्वी अफगानिस्तान में सेना के प्रवक्ता वाहिदुल्ला मोहम्मदी ने भी इस बात की पुष्टि की है।

# इटली : पटरी से उतरी ट्राम दुकान में घुसी, दो मरे

**मिलान।** इटली के मिलान शहर में शुक्रवार को एक ट्राम के पटरी से उतरने से बड़ा हादसा हो गया। बेपटरी होने के बाद ट्राम एक इमारत से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। शहर के मेयर ग्यूसेप्पे सला ने घटनास्थल पर पहुंचकर बताया कि मृतकों में से एक व्यक्ति ट्राम के पटरी से उतरने के दौरान उसकी चपेट में आ गया, जबकि दूसरा पीड़ित एक यात्री था। हादसे के बाद कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने सदमे में आए यात्रियों को आपातकालीन कंबलों में लपेट दिया, जबकि एंबुलेंस गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल ले गई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हादसे के बाद मृतकों के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की।

# 2001 के बाद इस साल फरवरी में हुई सबसे कम बारिश

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इस साल फरवरी में पूरे देश में वर्षा 2001 के बाद सबसे कम दर्ज की गई। साथ ही फरवरी के दौरान देश में कहीं भी शीत लहर की स्थिति नहीं बनी और दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। आईएमडी ने अपने मासिक पूर्वानुमान में कहा है कि मार्च से मई के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक हीटवेव (लू) के दिन देखने को मिल सकते हैं। पश्चिम राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों सहित कई क्षेत्रों में लू का खतरा ज्यादा रहने की आशंका है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मार्च-अप्रैल-मई के मौसम में बढ़ती गर्मी सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधनों, बिजली की मांग और आवश्यक सेवाओं पर दबाव डाल सकती है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों, बाहरी काम करने वाले लोगों और पहले से बीमार व्यक्तियों पर इसका अधिक असर पड़ सकता है। हालांकि विभाग ने यह भी बताया कि मार्च के दौरान देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे या सामान्य रह सकता है, जबकि पूर्वोत्तर, पूर्वी भारत और कुछ मध्य व प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मार्च में देशभर में औसत वर्षा सामान्य रहने का अनुमान है, हालांकि पूर्वोत्तर भारत और उत्तर-पश्चिम व पूर्व-मध्य भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है।

# मोदी के इस्राइल दौरे पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने इस्राइल दौरे को लेकर शनिवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा 'शर्मनाक' है और 'गलत समय पर' किया गया है। कांग्रेस ने कहा कि यह यात्रा सैन्य तनाव बढ़ाने के लिए राजनीतिक समर्थन की धारणा बनाती है, जो नियम-आधारिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति भारत की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता के बिल्कुल विपरीत है। कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने एक बयान जारी किया। खुर्शीद ने कहा कि 25 और 26 फरवीर के बीच पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव, टकराव की शुरुआत और व्यापक संघर्ष के स्पष्ट खतरे के बीच (पीएम) मोदी की इस्राइल यात्रा को लेकर कांग्रेस 'गहराई से चिंतित' है।

# 89 अफगान चौकियां नष्ट, 18 पर किया कब्जा

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जंग के हालात बने हुए हैं और दोनों ओर से ही हमलों का दौर जारी है। इस बीच पाकिस्तानी

- पाक के मंत्री का दावा- हमलों में मारे 297 तालिबान लड़ाके



अधिकारियों ने बताया है कि अफगान तालिबान और उनके सहयोगी आतंकवादी समूहों के लगभग 300 जवान उनके खिलाफ चल रहे अभियान में मारे जा चुके हैं। वहीं, सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने देर रात दिए अपडेट में कहा कि सुरक्षा बलों ने 297 लड़ाकों को मार गिराया और 450 से अधिक अफगान जवान घायल हो गए। अफगानिस्तान में तालिबान शासन के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन गजब-लिल-हक के दौरान पाकिस्तान ने उनकी 89 चौकियों को नष्ट कर दिया और 18 अन्य पर कब्जा कर लिया। इसी के साथ लगभग 135 टैंक और बख्तरबंद वाहन भी नष्ट कर दिए गए। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान भर में लगभग 29 स्थानों को भी प्रभावी ढंग से निशाना बनाया। अफगानिस्तान की ओर से सीमा पर एक साथ 53 जगहों पर हमले किए जाने के बाद पाकिस्तान ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक नाम का एक जवाबी हमला शुरू किया है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अफगान तालिबान को पाकिस्तान और आतंकवादी संगठनों के बीच चुनाव करना होगा। उन्होंने कहा, मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं: दमनकारी अफगान तालिबान शासन को एक स्पष्ट विकल्प चुनना होगा। उसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, बलूच लिबरेशन आर्मी, दाएश, अल कायदा, आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों और पाकिस्तान के बीच चयन करना है।

# बुर्किना फासो में दुष्कर्म के मामले में अमेरिकी कर्मचारी को उम्रकैद

**बुर्किना फासो।** अमेरिका के मैरीलैंड के रहने वाले फोदे सिताफा मारा को दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मारा 2022 और 2023 में बुर्किना फासो की राजधानी औगाडुगू में अमेरिकी दूतावास में कर्मचारी था। अदालत में पेश सबूतों के मुताबिक, उसने 13 और 15 साल की लड़कियों के साथ अपने सरकारी आवास में दुष्कर्म किया। अभियोजन पक्ष ने बताया कि लड़कियां बेहद गरीब परिवार से थीं और उनकी मां गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। मारा ने मदद के बदले उनसे संबंध बनाने की मांग की। जूरी ने उसे नाबालिगों के यौन शोषण, दबाव बनाने और न्याय में बाधा डालने जैसे आरोपों में दोषी पाया।

# अमेरिका में एआई पर घमासान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एआई कंपनी के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने तेवर सख्त कर दिए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी संघीय एजेंसियों को

- ट्रंप प्रशासन ने कंपनी पर लगाया जुर्माना
- पेंटागन के खिलाफ कोर्ट पहुंची एंथ्रोपिक

एंथ्रोपिक टेक्नोलॉजी का उपयोग तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ पेंटागन और एंथ्रोपिक आमने-सामने आ चुके हैं। ट्रंप के एजेंसियों को दिए सख्त आदेश के बाद रिपोर्ट्स के मुताबिक एंथ्रोपिक ने अपनी एआई तकनीक पर आपूर्ति चेन जोखिम का लेबल लगाने के मामले में पेंटागन को अदालत में चुनौती देगा।

दरअसल, अमेरिका का रक्षा विभाग



पेंटागन प्रसिद्ध एआई कंपनी एंथ्रोपिक के साथ उस वक्त गंभीर विवाद में फंस गया है। जब उसने एंथ्रोपिक से कह रहा है कि उसके एआई मॉडल क्लाउड (ष्द्यड्डह्वस्रद्ग) को अमेरिकी सेना में बिना रोक-टोक उपयोग करने की अनुमति दें। इसी के साथ कहा गया कि अगर एआई कंपनी ऐसा नहीं करती है, तो उसे सप्लाई चेन रिस्क के रूप में नामित करने की भी चेतावनी दी। यह ऐसा गंभीर कदम है, जो उसके व्यापार को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है।

# तानाशाह की बेटी को है खतरनाक हथियारों का शौक

**सियोल।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग उन के नेतृत्व का जश्न मनाने वाला एक सप्ताह तक सत्तारूढ़ दल का सम्मेलन चला। इसके बाद

- शूटिंग रेंज में धड़ाधड़ दागीं गोलियां
- पिता खुद दे रहे ट्रेनिंग



किम जोंग उन ने शीर्ष सरकारी और सैन्य अधिकारियों को नई स्नाइपर राइफलें तोहफे में दीं। राज्य मीडिया ने उनकी बेटी किम जू ऐ की एक तस्वीर को प्रमुखता से दिखाया, जिसमें वह शूटिंग रेंज में निशाना साध रही हैं। किम जोंग की बेटी की लगातार पिता के साथ मौजूदगी से यह अटकलें तेज हो रही हैं कि किम उन्हें भविष्य के नेता के रूप में तैयार कर रहे हैं। इस जश्न में किम की ताकतवर बहन किम यो जोंग की भी मौजूद रहीं, जिन्होंने हाल के वर्षों में वॉशिंगटन और सियोल के प्रति उनकी मुखर प्रवक्ता के रूप में कार्य किया है। कांग्रेस में पदोन्नति के बाद अब वह पार्टी की केंद्रीय समिति की महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उनका नया पद पार्टी के आंतरिक संचालन और प्रशासनिक मामलों की देखरेख करने वाली उनकी व्यापक भूमिका का संकेत देता है।

**किम जोंग के साथ लगातार बढ़ रही बेटी की मौजूदगी**

सरकारी मीडिया द्वारा ली गई तस्वीरों में किम यो जोंग और अन्य शीर्ष अधिकारी किम जोंग उन द्वारा दी गई राइफलों को निशाने पर साधते हुए दिखाई दिए। किम की छोटी बेटी, जिसने अपने पिता के समान भूरे रंग का चमड़े का कोट पहना हुआ था, भी बंदूक को पकड़े हुए दिखाई दी, जबकि बंदूक की नली से धुआं निकल रहा था। नवंबर 2022 में एक लंबी दूरी की मिसाइल परीक्षण में पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखाई देने के बाद से 13 वर्षीय किम जू ए अपने पिता के साथ सैन्य प्रदर्शनों, कारखाने के उद्घाटन और सितंबर में बीजिंग की यात्रा सहित कई कार्यक्रमों में शामिल हुई है। बीजिंग में किम जोंग उन ने छह साल में चीनी नेता शी जिनपिंग के साथ अपना पहला शिखर सम्मेलन किया था। अमेरिका से बातचीत के दरवाजे खुले, लेकिन किम ने रखी ये शर्त इस साल की बैठकों में किम ने उत्तर कोरिया के परमाणु शस्त्रागार को तेज करने की अपनी योजनाओं पर जोर दिया, जो पहले से ही विभिन्न हथियार प्रणालियों से लैस है। इन्हें अमेरिका और एशिया में अमेरिकी सहयोगियों के लिए खतरा माना जाता है। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के प्रति अपने कठोर रुख की पुष्टि की।

हालांकि, उन्होंने अमेरिका के साथ बातचीत के दरवाजे खुले रखे। प्योंगयांग के पहले के रुख को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को लंबे समय से ठप पड़ी बातचीत को फिर से शुरू करने की शर्त के रूप में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग को छोड़ देना चाहिए।

बाजार दर्पण




